Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 45 | शनिवार, 15 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया



Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 45 | शनिवार, 15 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

## राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने बंद कमरे में की नेताओं से मुलाकात

# योगी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार जल्द शुरू होगा

**लखनऊ।**

भाजपा के संगठनात्मक चुनाव होने के बाद योगी मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। इस चर्चा को बल तब मिला जब राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने शुक्रवार को बंद कमरे में प्रदेश के कई शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश के कई नेताओं से इसको लेकर चर्चा की।

योगी मंत्रिमंडल में शामिल रहे जितिन प्रसाद और अनूप प्रधान के सांसद बनने से दो मंत्री पद रिक्त चल रहे हैं। चार और मंत्री सरकार में बनाए जा सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि उन्होंने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी इन



नेताओं से चर्चा की और उनका पक्ष जानने की कोशिश की। भाजपा नेतृत्व यह भी जानने की कोशिश कर रहा है कि किन जातियों को सरकार में प्रतिनिधित्व दिया जाए। किसका प्रतिनिधित्व कम है यह भी देखा जा रहा है। जिलाध्यक्षों की घोषणा से पहले भाजपा सभी कील-कांटे दुरुस्त करने में जुट गई है। ज्यादा से ज्यादा जिलों में जातीय व सामाजिक समीकरण साधते हुए जिलाध्यक्षों की घोषणा पार्टी करना चाहती है। पार्टी यह भी चाहती है कि आम सहमति के आधार पर इनका चयन हो। जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद पार्टी में किसी भी स्थान पर विरोध जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। इसी को देखते हुए राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश संगठन चुनाव के पर्यवेक्षक विनोद तावड़े शुक्रवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। उन्होंने यहां संगठन व सरकार के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर उनकी नब्ज भी टटोली। इनमें से करीब 70 जिलाध्यक्षों पर आम सहमति बन गई थी। इसे जब केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा गया तो उसमें जातीय व सामाजिक समीकरण के साथ ही महिलाओं की कम भागीदारी होने पर हरी झंडी नहीं मिल पाई।

**98** जिलों में बांटा हुआ है भाजपा ने प्रदेश को संगठनात्मक दृष्टि से

### आम सहमति से घोषित हो जिलाध्यक्ष

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व यह चाहता है कि जिन जिलों में कोरम पूरा हो गया है वहां आम सहमति से जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया जाए। केवल उन्हीं जिलों को छोड़ा जाए जहां अभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा नहीं हो सकी है। विवाद वाले जिलों को भी आम सहमति से सुलझाने के लिए कहा गया है। स्थिति यह है कि प्रदेश के क्षत्रप अपने अपने खास लोगों को जिला व महानगर अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। इसी मसले को सुलझाने के लिए विनोद तावड़े शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे और उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह से मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से अलग-अलग मुलाकात कर उनसे चर्चा की।

## विश्व मीडिया की नजर में मोदी-ट्रंप की मुलाकात



**नई दिल्ली।**

अमेरिका में नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें दोनों नेताओं के बीच टैरिफ, रक्षा समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मुलाकात को लेकर पढ़िए किसने क्या कहा... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात को लेकर वैश्विक मीडिया की ओर से मिली-जुलीं प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कई प्रमुख मीडिया आउटलेट ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध समय के साथ और मजबूत हुए हैं, लेकिन अवैध प्रवासन तनाव का मुद्दा बना है। ट्रंप ने अमेरिकी फाइटर जेट्स खरीदने का जो ऑफर भारत को दिया, वह दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास का संकेत जरूर है। दोनों नेताओं के बीच टैरिफ, रक्षा समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मुलाकात को लेकर पढ़िए किसने क्या कहा... अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे राष्ट्र प्रमुख बन गए हैं, जिन्होंने ट्रंप की मांगों के अनुकूल आगे बढ़ने पर बात करके उन्हें संतुष्ट किया है। व्हाइट हाउस में भी नरेंद्र मोदी ने ट्रंप की जमकर तारीफ की।

## अमेरिका से 119 भारतीय होंगे डिपोर्ट फिर अमृतसर आएगा हवाई जहाज

**नई दिल्ली।** अमेरिका से डिपोर्ट किए गए 119 भारतीय प्रवासियों को लेकर दो फ्लाइट 15 और 16 फरवरी को अमृतसर के गुरु राम दास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड करेगी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों फ्लाइट सुबह 10:05 बजे लैंड करेंगी।

इन डिपोर्ट प्रवासियों में सबसे अधिक लोग पंजाब के हैं। जानकारी के मुताबिक, इनमें पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के 8, उत्तर प्रदेश के 3, महाराष्ट्र के 2, गोवा के 2, राजस्थान के 2 और हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के एक-एक लोग हैं। डिपोर्ट किए जा रहे लोगों ने मेक्सिको और दूसरे रास्तों से अमेरिका में अवैध रूप से घुसने की कोशिश की। अधिकारियों के मुताबिक, इन लोगों ने अमेरिका में घुसने के बाद कथित तौर पर अपने पासपोर्ट फाड़ दिए। डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिका में अवैध रूप से घुसने की कोशिश करते लोगों को पकड़ने के बाद डिपोर्ट किया जा रहा है। डिपोर्ट प्रवासियों को लेकर भारत आने वाली ये दूसरी फ्लाइट होगी।



### बांध दिए गए थे हाथ-पैर

डिपोर्ट किए गए कुछ लोगों ने दावा किया था कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ-पैर हथकड़ियों और बेड़ियों से बांध दिए गए थे और अमृतसर लैंड करने के बाद ही उन्हें खोला गया। इसके बाद पूरे देश में काफी बवाल मचा था।

## लोकसभा स्पीकर ने 31 सदस्यीय चयन समिति गठित की, भाजपा सांसद पांडा होंगे अध्यक्ष

**नई दिल्ली।**




नए आयकर विधेयक में कर निर्धारण (अ) और वित्तीय वर्ष (ऋ) जैसी शब्दावली को आसानी से समझ में आने वाले 'कर वर्ष' (ळ) से बदला गया है। इस विधेयक में आयकर की भाषा को सरल बनाने के साथ-साथ गैरजरूरी प्रावधानों और स्पष्टीकरणों को भी हटाने का प्रस्ताव है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आयकर विधेयक, 2025 की जांच के लिए प्रवर समिति गठित की है। यह समिति बिल के प्रावधान और कानून में होने वाले बदलावों की जांच करेगी।

भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रवर समिति के अन्य सदस्यों में डॉ. निशिकांत दुबे, जगदीश शेट्टर, सुधीर गुप्ता, अनिल बलूनी, राजू बिस्टा, एटाला राजेंद्र, विष्णु दयाल राम, मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल, पीपी चौधरी, शशांक मणि, भर्तहरि मेहताब, नवीन जिंदल, अनुराग शर्मा, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, बेनी बेहनन, विजय कुमार उर्फ विजय वसंथ, डॉ. अमर सिंह, वकील गोवाल के पाडवी, मोहम्मद रकीबुल हुसैन, लालजी वर्मा, वकील प्रिया सरोज, महुआ मोइत्रा, डॉ. कलानिधि वीरस्वामी, डग्गुमल्ला प्रसाद राव, कौशलेंद्र कुमार, अरविंद गनपत सावंत, सुप्रिया सुले, रविंद्र दत्ताराम वैकर, एनके प्रेमचंद्रन, वी. रिचर्ड शामिल हैं।

## शिंदे गुट से सांसदों की मेल मुलाकातों से डरे उद्धव ठाकरे

**नई दिल्ली।**



आदित्य ने जाहिर तौर पर सांसदों से शिंदे की शिवसेना से रात्रिभोज निमंत्रण स्वीकार करने से पहले पार्टी नेतृत्व की पूर्व मंजूरी लेने के लिए कहा है। 11 फरवरी को, जब पवार ने शिंदे को सम्मानित किया, तो मुंबई उत्तर पूर्व से यूबीटी सेना सांसद संजय दीना पाटिल दिल्ली में कार्यक्रम में मौजूद थे।

राकांपा-सपा प्रमुख शरद पवार द्वारा शिवसेना को तोड़ने वाले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने पर निराशा व्यक्त करने के बाद, उद्धव ठाकरे सेना गुट का नेतृत्व अपने स्वयं के उन सांसदों से भी नाराज है जो शिंदे और उनके गुट के साथ मेलजोल रखते रहे हैं। यह पता चलने के बाद कि यूबीटी सेना के कई सांसद शिंदे और अन्य लोगों से मिल रहे हैं, और यहां तक कि उस कार्यक्रम में भी मौजूद थे, जहां शिंदे को पवार ने सम्मानित किया था।

## पीएम मोदी-राहुल गांधी करेंगे नए चुनाव आयुक्त का चयन

**नई दिल्ली।**

18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल बैठक करेगा और एक नाम को अंतिम रूप देगा। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगे।

भारत के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी की अगुवाई वाली चयन समिति अगले सप्ताह बैठक करेगी। वर्तमान सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल एक खोज समिति द्वारा चुने गए उम्मीदवारों में से एक नाम की सिफारिश करेगा। चयन समिति में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भी शामिल हैं। 18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पहले, पैनल बैठक करेगा और एक नाम को अंतिम रूप देगा। इसके बाद राष्ट्रपति सिफारिश के आधार पर अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगे। पारंपरिक परंपराओं के अनुसार, पिछले साल एक नया कानून लागू होने से पहले, सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त (ईसी) को पदधारी की सेवानिवृत्ति के बाद सीईसी के रूप में पदोन्नत किया गया था। सीईसी और ईसी की नियुक्तियों पर नए कानून के अनुसार, एक खोज समिति पदों पर नियुक्ति के लिए प्रधान मंत्री के नेतृत्व वाले पैनल द्वारा विचार करने के लिए पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को शॉर्टलिस्ट करती है। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त हैं. उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे चुनाव आयुक्त हैं।



### कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल, भूपेश बघेल बने महासचिव

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के बाद पार्टी के शीर्ष संगठन में पहला बड़ा फेरबदल करते हुए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। राष्ट्रीय राजनीति की पहली औपचारिक भूमिका में बघेल को कांग्रेस की सियासत के लिए बेहद अहम राज्य पंजाब का प्रभारी महासचिव बनाया गया है। वहीं कर्नाटक से राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन को भी पहली बार महासचिव बनाते हुए जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख का प्रभार सौंपा गया है।

## फडणवीस ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

# बोले- योगी सरकार के आयोजन को याद रखेगी पूरी दुनिया

**नई दिल्ली।**

अमृता फडणवीस ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हम उन 50 करोड़ लोगों में शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ के दौरान भक्ति की पवित्र डुबकी लगाई है। मैं योगी जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। हम प्रयास कर रहे हैं कि नासिक में अगला कुंभ भी भव्य हो और अच्छी व्यवस्था हो।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अपनी पत्नी अमृता और बेटी दिविजा के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इसके बाद फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं आज अपने परिवार के साथ महाकुंभ में शामिल हो सका। यहां की अद्भुत व्यवस्थाओं के लिए मैं योगी जी को बधाई देता हूं। महाकुंभ में आने वाला हर व्यक्ति खुश है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या से एक नया रिकॉर्ड बन रहा है। महाकुंभ के प्रबंधन और यहां आने वाले लोगों की संख्या देखकर दुनिया हैरान है। अमृता फडणवीस ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हम उन 50 करोड़ लोगों में शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ के दौरान भक्ति की पवित्र डुबकी लगाई है। मैं योगी जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। हम प्रयास कर रहे हैं कि नासिक में अगला कुंभ भी भव्य हो और अच्छी व्यवस्था हो। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि वैश्विक मानवता सुरक्षित रहेगी। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी ने कहा, सनातन धर्म वास्तव में मानव धर्म है।

## 24 फरवरी को बिहार का दौरा करेंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।**

यह आयोजन हवाईअड्डा मैदान में होगा, जिसमें भागलपुर और आसपास के 13 जिलों के किसानों सहित पांच लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे, जिससे इस अवसर का राजनीतिक महत्व बढ़ जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर का दौरा करने वाले हैं। अपनी यात्रा के दौरान, वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे और एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। यह आयोजन हवाईअड्डा मैदान में होगा, जिसमें भागलपुर और आसपास के 13 जिलों के किसानों सहित पांच लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे, जिससे इस अवसर का राजनीतिक महत्व बढ़ जाएगा। यात्रा की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेताओं और पदाधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक भागलपुर टाउन हॉल में हुई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन महासचिव भीखू भाई दलसानिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बिहार के मंत्री संतोष सिंह, जनक राम और सुरेंद्र मेहता के साथ-साथ प्रदेश महासचिव मिथिलेश तिवारी, ललन मंडल और 13 जिलों के कोर कमेटी के सदस्य शामिल हुए।

## संपादक की कलम से

### देर से उठाया कदम

भले ही न टाली जा सकने वाली विषम परिस्थितियों के चलते हुआ हो, मणिपुर के विवादित मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आखिरकार इस्तीफा दे दिया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली की ऐतिहासिक चुनावी जीत का मजा किरकिरा न होने देने के इरादे से उनका इस्तीफा दिलवाना बेहतर विकल्प समझा। इस हिंसाग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा के कारण हुई मौतों और विस्थापन पर सार्वजनिक माफी मांगकर खेद जताने के एक माह से कुछ अधिक समय बाद बीरेन सिंह ने आखिरकार अपना पद छोड़ ही दिया। दरअसल, उनका यह अस्त्र काम नहीं आया। विडंबना यह है कि उनकी कथित बातचीत का एक ऑडियो टेप कुछ समय पहले लीक हुआ है। जिसमें टेलीफोन पर हुई वह बातचीत रिकॉर्ड हुई बतायी जाती है, जिसमें जातीय हिंसा भड़काने में उनकी भूमिका उजागर होती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सत्यता प्रमाणित करने के लिये इस टेप को केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को भेजा गया है। शीर्ष अदालत ने सीलबंद लिफाफे में यह रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। लगता है कि मणिपुर में विपक्षी दलों द्वारा बीरेन सिंह को हटाने की मुहिम में सत्तारूढ़ दल के कुछ विधायकों के शामिल होने की आशंका को भांपते हुए बीरेन सिंह को इस्तीफा देने को कहा गया है। उनके खिलाफ आरोपों की गंभीरता के मद्देनजर इस्तीफे को बचने के एक रास्ते के तौर पर देखा गया है। बहरहाल, राज्य सरकार व पार्टी की छवि को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है और यह इस्तीफा बहुत देर से आया है। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई जातीय हिंसा में करीब ढाई सौ लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। लेकिन राज्य सरकार स्थिति को संभालने में विफल रही है। विडंबना यह है कि व्यापक हिंसा व आगजनी के बाद बीरेन को पद से हटाने की मांग को नजरअंदाज किया जाता रहा है। विपक्ष इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को भी सवालों के घेरे में लेता रहा है। बहरहाल, अब सवाल यह उठता है कि मुख्यमंत्री बदलने से क्या जमीनी हकीकत में बदलाव आ सकेगा? नया नेतृत्व क्या वह इच्छाशक्ति दिखा पाएगा जिससे मैती व कुकी समुदायों के बीच गहरी हुई खाई को पाटा जा सकेगा? निस्संदेह, मणिपुर के लोग न्याय व शांति का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में लोगों का भरोसा जीतना केंद्र सरकार की पहली जिम्मेदारी बनती है। ताकि राज्य में शांति व सद्भाव कायम हो सके। वहीं दूसरी ओर बजट सत्र को टालने से राज्य में राष्ट्रपति शासन की आशंका भी जतायी जा रही है। वैसे राज्य में दोनों प्रमुख समुदायों के बीच जिस हद तक अविश्वास हावी है, उसे देखते हुए शीघ्र सुलह–समझौते की उम्मीद कम ही है।



ललित शर्मा
संपादक

## दिल्ली जीतकर भारतीय जनता पार्टी ने दिखाई धमक

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में ही भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव में हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है।

पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीट ही मिल पाई थी। जबकि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा महज 240 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं इंडिया गठबंधन ने 236 सीटे जीती थी। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई थी। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़कर 37 सीटों पर पहुंच गई थी।

हालांकि एनडीए गठबंधन में शामिल साथी दलों के सहयोग से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाने में सफल रही। मगर सामान्य बहुमत से दूर रहने के चलते भाजपा का मनोबल काफी कमजोर हो रहा था। वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों की लोकसभा में संख्या बढ़ने से वह सरकार पर जोरदार हमला कर रहा था।

इसे भी पढ़ें: क्या अब विपक्षी एकता कायम रहेगी?

लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी थी। मगर हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 48 सीटे जीतकर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं का मनोबल भी बढा.। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार तो बनायी ही इसके साथ ही अब तक की सबसे अधिक 48 सीट जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं है।

उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटे जीतकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई। मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटे जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीबन 100 सीट जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए एक नई संजीवनी साबित हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीट ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया।



हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीट जीतकर एक नया इतिहास रचा है। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है।

हालांकि 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में अपनी सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों के साथ 45.56 प्रतिशत वोट भी प्राप्त किये है। जो भाजपा का अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में जहां भाजपा की 40 सीट बढ़ गई है। वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 7.38 प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा को कुल 46 लाख 23 हजार 110 वोट मिले हैं। वहीं आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर ही सिमट गई। उसे 43.57 प्रतिशत मत मिले हैं। जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत कम हैं। आम आदमी पार्टी को 41 लाख 33 हजार 898 वोट मिले हैं। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास में करवाए गए कार्यों को भाजपा ने शीशमहल कहकर प्रचारित किया। जिससे दिल्ली के आम मतदाताओं को लगने लगा कि जिस पार्टी को वह अपनी हमदर्द पार्टी मानकर लगातार तीन बार से चुनाव जीतवा रहा है। उस पार्टी के नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने लगे हैं। मतदाताओं की यह सोच आम आदमी पार्टी के खिलाफ गई और उसे चुनाव में करारी पराजय झेलनी पड़ी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद भाजपा के कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज नजर आ रहे हैं। दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा ने राजस्थान में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा व हरियाणा में कैबिनेट मंत्री अनिल विज को उनके पार्टी विरोधी बयानों पर कारण बताओं नोटिस जारी कर यह जता दिया कि भाजपा में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा पार करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो। यदि कोई पार्टी का अनुशासन तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

किरोड़ीलाल मीणा, अनिल विज को नोटिस भी दिल्ली जीत के बाद ही दिया गया है। यदि दिल्ली में भाजपा चुनाव हार जाती तो शायद ही इतना बड़ा कदम उठा पाती। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार जीतने से जहां भाजपा नेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। वही इंडिया गठबंधन में आपसी आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यदि विपक्षी दलों में खींचतान बढ़ती है तो आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में उसका फायदा भी भाजपा को ही मिलना सुनिश्चित लग रहा है। – **रमेश सर्राफ धमोरा**

## राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़ छग

### कंक्रीट का जंगल

कविता

कट रहा है वो सुंदर सा
मनमोहक नजारों वाला जंगल,
मरेंगे समस्त जीव–जंतु,आदिवासी
और होगा धनकुबेरों का मंगल,
पनपते जाएंगे बहुत ही घना
कंक्रीटों का भयंकर जंगल,
शुरू होगा इंसानों और जीवों में दंगल,
जहां तरसेंगे लोग शुद्ध हवा को,
जब पड़ेंगे बार बार बीमार
तब खाएंगे रासायनिक दवा को,
मिट जायेगा मोहमाया व नैतिकता
दिलों में ही सिमटाकर रखेंगे लोग दया को,
होंगे लड़ाई झगड़े,भाई भाई में रार
आधुनिकता की आड़ में सब भूलेंगे शर्म हया को,
खो जाएंगे जंगल आने जाने वालों की
नित्य चलने से बनी पगडंडियां,
बन जाएंगे नैनों में चमक चुभाता सड़क,
बाघ,भालू,हाथी से भी ज्यादा
डरावने क्षण पैदा करने वाले लोग कड़क,
सीधे–साधे,भोले आदिवासी
जो पाते हैं मुफ्त विभिन्न लकड़ी व फल,
वे निकलेंगे खरीदने उन्हीं सब चीजों को
भव्य दुकानों में लुट जाने आज नहीं तो कल,
वनों के रक्षक आदिवासियों के
बच्चे पूछेंगे जब अजीब सवाल
ये जंगली जानवर होते हैं क्या,
तब बताएंगे लोग देख देख कर
मानवों से बने हिंसक जानवर नया,
मदांध हो चुके आज के लोगों से
पूछेंगे उनके भी बच्चे कि कहां था हसदेव,
बचाने हम सबको प्रदूषण से
क्यों नहीं किये तब पर्यावरण सेव।

## आयकर कानून के सरल होने विवाद घटेंगे



ललित गर्ग

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरूआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते.गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।

आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।



देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए।

देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षाओं में सफलता के दिए मूलमंत्र

■ विदाई समारोह मेंडीएम ने छात्रों को तनावमुक्त होकर लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की दी सीख

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बोर्ड परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे तनाव मुक्त होकर बोर्ड परीक्षा दें तथा इसके बाद कड़ी मेहनत व अनुशासन से जीवन का लक्ष्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि करूणा, दृढ़ता व सरलता, धैर्य तथा निष्ठा से कार्य किया जाय तो सफलता कदम चूमती है।

स्थानीय विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कालेज के बोर्ड परीक्षार्थियों के विदाई समारोह में बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक परीक्षार्थी तनाव मुक्त होकर परीक्षा दें। कहा कि इंटरमीडिएट की परीक्षा के बाद वे कड़ी मेहनत व लक्ष्य के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की तैयारी करें। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय को रटने के बजाय उसकी विषय वस्तु को समझें तथा अपने हुनर के अनुसार भविष्य का मार्ग तय करें। प्रबंधक कुंदन परिहार व प्रधानाचार्य एएस तोपाल ने विद्यालय की प्रगति आख्या पेश करते हुए कहा कि उनका प्रयास बच्चों का सर्वांगीण विकास है। कहा कि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए परिश्रम करने व देश सेवा के लिए कार्य करने को कहा।

इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा बोर्ड परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।इस दौरान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उत्तम सिंह टाकुली, भाजपा जिलामहामंत्री संजय परिहार आशीष धपोला, राजेंद्र डयाराकोटी समेत शिक्षक व छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।



## दुकान से गल्ला उठा ले गए अज्ञात बाइक सवार चोर, सीसीटीवी में कैद

**सासनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग ठल्ट 93 स्थित गंदे नाले के निकट एक नाज की दुकान से दिनदहाड़े बाइक पर सवार होकर आए अज्ञात चोर दुकान का शटर खोलकर गल्ला उठा ले गए। वहीं अज्ञात चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इधर सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। और जांच पड़ताल करने लगी। शुक्रवार को मोहल्ला अग्रवाल निवासी कन्हैया पुत्र रेवती प्रसाद जो गंदे नाले शनि देव मंदिर के निकट अपनी नाज की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। दुपहर को कन्हैया दुकान का शटर गिरकर अपने बच्चों की स्कूल से लेने गया था। जब वह वापस अपनी दुकान पर आया और शटर खोला तो उसको अपना गल्ला गायब मिला। तब उसने आस पास के दुकान वालों से जानकारी करी तो पता चला कि बाइक पर सवार होकर अज्ञात आए और गल्ला लेकर फरार हो गए। तब उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। वहीं बाइक सवार चोर गल्ला ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए।

# वरिष्ठता निर्धारण किये बिना शिक्षकों की पदोन्नति कदापि ना किया जाय: संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ से मिला और आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि वरिष्ठता निर्धारण किये बिना शिक्षकों की पदोन्नति कदापि ना किया जाय।समस्त सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की वरिष्ठता सूची 31 मार्च 2025 के पूर्व जारी किया जाय।

श्री द्विवेदी ने बताया कि पिछले कई महीनों से शिक्षक- कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस अंशदान की कटौती करने के बाद भी प्रान एकाउन्ट अपडेट नहीं है, जिस पर शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने भी कड़ी आपत्ति जताई है। वर्तमान समय में कर्मचारी+राजयांश दोनों का बजट उपलब्ध होने के वावजूद भी प्रान एकाउन्ट अपडेट नहीं है।31मार्च 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले प्रधानाचार्यो, शिक्षकों के पेंशन, जीपीएफ, ग्रेच्युटी व सामूहिक जीवन बीमा की पत्रावली विद्यालयों से मंगाकर समय उप शिक्षा निदेशक के कार्यालय में भेजा जाय।

जिलाध्यक्ष महेश राम ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के नोशनल इंक्रिमेंट की पत्रावली की समीक्षा कर उप शिक्षा निदेशक को भेजा जाय। प्रोजेक्ट अलंकार की लंबित पत्रावली का निस्तारण कर शिक्षा निदेशक माध्यमिक को प्रेषित जाय। दौरान मोहिबुल्लाह खान, रमेश पांडेय, तारकेश्वर सिंह, विजय यादव, जयप्रकाश, महेश्वर सिंह, विंध्याचल सिंह, राहुल कुमार, अरशद जलाल, अफजल खान, अभय शंकर शुक्ला, अभिषेक तिवारी सहित आने के लिए मौजूद रहे।

### शिक्षक समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा : डीआईओएस

**संतकबीरनगर।** जिला विद्यालय शिक्षक हरिश्चंद्र राम ने कहा की शिक्षक समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो रहा है। पेंशन, जीपीएफ, नोशनल पेंशन की पत्रावली कार्यालय मंगाई गई है। परीक्षण करके तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी पर तैनात अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थाओं की सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा।

## उपजिलाधिकारी की सूचना पर नीलेश्वर पहाड़ी में लगी आग को फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझाया



**बागेश्वर।** वनों में जगह जगह आग लगने की सूचनाएं बढ़ती जा रही है।वही जिला मुख्यालय से सटे और प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय के समीप ही नीलेश्वर के पास के जंगल मे अराजक तत्वों द्वारा जंगल मे आग लगा दी।देखते ही देखते आग आसपास फैलने लगी, जिसके बाद मामले में एसडीएम सदर मोनिका को नीलेश्वर की पहाड़ी में आग लगते हुए नजर आई, जिसके बाद उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेडप्रभारी गोपाल सिंह रावत को आगबुझाने के निर्देश दिए। जिसके बाद एफएसओ गोपाल सिंह के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल आग बुझाने के लिए पहुँची।वही दमकल कर्मियों ने जंगल मे लगी आग को वृद्धाश्रम /परिसर में आग फैलने से रोका।फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए मिनी हाई प्रेशर वाटर टेंकर पाइप की मदद से फैल रही आग को भयावह होने से रोका।इस दौरान आग बुझाने वाली टीम में एफएसओ गोपाल सिंह रावत, चालक जगदीश सिंह, चालक रमेश बंगारी, फायरमैन आनंद सिंह बोरा, दीपककुमार, अनिकेत, फायरवोमन,काजल, पूजा, अंजना, रीता राणा, हिना सोहन लाल आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्रभूषण सिंह के नेतृत्व मे व0उ0नि0 प्रमोद यादव, हे0का0 अनिल मिश्रा, का0 मनीष बर्नवाल ने मु0अ0सं0 69/2025 धारा 2( )(क)/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना कोतवाली खलीलाबाद से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रामबरन पुत्र स्व0 बुद्धू निवासी पचावा थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को दुल्हीपार पावर हाउस के पास से नियमानुसार शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### सौ दिवसीय टीवी खोजी अभियान के अंतर्गत

# ब्रजघाट टोल प्लाजा पर लगाया गया स्वास्थ्य शिविर सभी टोल कर्मियों की स्वास्थ्य जांच की

वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में जनपद में 100 दिवसीय टी0 वी0 खोजी अभियान के अंतर्गत आज बृजघाट टोल प्लाजा पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी की स्क्रीनिंग की गई एवं जिन लोगों को क्षय रोग के लक्षण दिखाई दिए उनको बलगम जांच के लिए बलगम कंटेनर दिए गए साथ ही सभी कर्मचारियों को क्षय रोग के 10 लक्षण उपचार एवं निदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई जिला पी0 पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी द्वारा सभी को बताया गया कि यदि किसी को खांसी आती है बलगम आता है तो वह इधर-उधर ना थूके खांसते समय मुंह पर रुमाल या तोलिया का इस्तेमाल करें यदि बलगम आए तो ब्लीचिंग पाउडर या राख में बलगम को थूके और उसको मिट्टी में गड्ढा खोदकर दबाए इसके साथ-साथ यदि किसी व्यक्ति को 10 लक्षणों में से कोई भी एक लक्षण दिखाई दे तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच अवश्य कराएं यदि कोई व्यक्ति की उम्र 60 वर्ष से अधिक है मधुमेह से पीड़ित है या अन्य किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है वह भी अपने टीवी की जांच अवश्य करें इस अवसर पर ठलअक के ऊऋट श्री दिनेश कुमार जी टोल मैनेजर श्री नंद कुमार महाजन जी व स्वास्थ्य विभाग से वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गजेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



## पुलिस ने मुनादी कराकर आरोपियों के घर कुर्की का नोटिस चस्पा किया

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव बड़ौदा सिहानी में युवक पर जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों पुलिस की गिरफ्त से फरार हैं।हाफिजपुर थाना पुलिस ने अब न्यायालय के आदेश पर गांव में मुनादी कर आरोपियों के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है।क्या है पूरा मामला( हापुड़ )हाफिजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर ने बताया कि 29 नवंबर 2024 को आरोपी नाजिम, आबिद, महबूब व जीशान गांव निवासी अनस पर धारदार हथियार व ईंट पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें अनस गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर हालत में अनस को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसे चिकित्सकों ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया था। हमले में अनस के परिवार के ही उजैफ व साद को भी चोटें आई थी। इसके बाद आरोपी गाली गलौज कर अनस को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। इस संबंध में पीड़ित अनस के भाई माहिर खान ने मुकदमा दर्ज कराया था।पेश न होने पर होगी कुर्की की कार्रवाई (हापुड़)न्यायालय के आदेश पर हाफिजपुर थाने की पुलिस टीम ने गांव में मुनादी कर चारों आरोपियों के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया है। आरोपियों की पुलिस भी तलाश कर रही है।

## फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन एवं वामा सारथी उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, हाथरस के तत्वाधान में रिजर्व पुलिस लाइन हाथरस स्थित मनोरंजन कक्ष में चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया ।स्वास्थ्य कैम्प में डॉ0 ललतेश कुमार , फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार, लैब टेक्नीशियन संजय शर्मा व मेडिकल स्टाफ एवं प्रभारी वामा सारथी राजकुमार आदि पुलिस के अधिकारी-कर्मचारीगण एवं पुलिसकर्मियों के परिवारीजन उपस्थित रहे ।इस दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों व पुलिस परिवार की महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गो की खून की निःशुल्क जाँच कर आवश्यक परामर्श-दवा दी गई ।

## विश्व रेडियो दिवस पर आकाशवाणी में हुई किसान गोष्ठी

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** विश्व रेडियो दिवस पर आकाशवाणी स्टूडियो में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसानों की आय दोगुनी करने की वचनबद्धता एवं कृषि क्षेत्र की चुनौती विषय पर आयोजित इस गोष्ठी में निष्कर्ष निकाला कि तकनीक, प्रजातियां, पर्यावरणीय परिस्थितियों के बदलाव के चलते हर स्तर पर किसानों को ट्रेन्ड करने के लिए स्कूल खोलने की जरूरत है। वक्ताओं ने कहा कि बगैर ट्रेनिंग के पुराने तरीकों से खेती लाभकारी नहीं होगी। आधुनिक मशीनें, रसायन, बीज किस्मों से अच्छा उत्पादन भी ट्रेन्ड किसान ही ले सकते हैं। सरकार का मुंह ताकने से ही काम नहीं चलेगा। किसानों को ताश-पत्ता खेलने में समय को जाया करने से बचना होगा। प्रसंस्करण की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे।

प्रगतिशील किसान सुधीर अग्रवाल ने कहा कि खेती की जमीन बेचने की किसानों की आदत उन्हें सड़क पर ला रही है। जमीनें करोड़ों बिकती हैं लेकिन किसान व्यापार करना नहीं जानते लिहाजा जमीन और करोड़ दोनों से हाथ धो बैठते हैं।

जीएलए विश्वविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डाक्टर विकास राणा ने कहा कि सरकार को देशों की मांग के अनुसार निर्यात होने और अच्छी कीमत मिल सकने वाली जिंस लगाने की नीति पर काम करना चाहिए। एम एस पी पर सरकार समूचे अनाज नहीं खरीद सकती।

किसानों को बहुत अधिक गंभीर होकर खेती करनी होगी। खेती के उत्पादन का प्रसंस्करण और मार्केटिंग में भी हाथ-पैर चलाने होंगे। प्रगतिशील किसान संजय गुप्ता ने सब्जी उत्पादन, विजय सिंह ने पशुपालन व शिवराम सिंह ने समूह बनाकर मार्केटिंग आदि से सतत आय की संभावनाओं पर विचार रखे। गोष्ठी का संचालन वीरेंद्र व दिलीप कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम प्रमुख विजय सिंह नौलखा ने विशेषज्ञ व किसानों का स्वागत किया।

# बीएसए कॉलेज में वार्षिक खेल महाकुंभ का भव्य समापन, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बीएसए (पीजी) कॉलेज, मथुरा में आयोजित वार्षिक खेल महाकुंभ का आज भव्य समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कल्याणम करोति के महासचिव श्री सुनील शर्मा, प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा एवं समाजसेवी श्री बृजेश शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।



अतिथियों का महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. बीपी राय, डॉ. जसवंत सिंह एवं डॉ. रवीश शर्मा ने शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, ₹खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, यह अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सकारात्मकता का स्त्रोत भी है।इस तरह के आयोजन युवाओं को एक नई दिशा देने में सहायक होते हैं।₹ प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा ₹खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण साधन है। खेल अनुशासन, सहनशीलता और टीम वर्क सिखाते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। बीएसए कॉलेज हमेशा से शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।इस वार्षिक खेल महाकुंभ के माध्यम से हमने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया, बल्कि एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित की। द्वितीय दिवस में वॉलीबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया।

बैडमिंटन (पुरुष एकल) में आराध्या गोस्वामी और डबल्स में आराध्या गोस्वामी और कार्तिके सनाढ्य (बीएससी पीसीएम प्रथम वर्ष)ने बाजी मारी।टेबल टेनिस (महिला वर्ग) में अनुषी गौतम (बीए) विजेता रहीं।

टेबल टेनिस (पुरुष वर्ग)में विपुल सिंह (एलएलबी तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, डॉ. एस.के. कटारिया, डॉ. विद्योत्मा सिंह एवं डॉ. रवीश शर्मा ने सभी विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

खेल महाकुंभ की सफलता में महाविद्यालय परिवार की अहम भूमिका इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ एस के कटारिया, डॉ एस के सिंह, डॉ. बीपी राय, डॉ. जसवंत सिंह, डॉ प्रवीण शर्मा,डॉ. रवीश शर्मा, डॉ यू के त्रिपाठी,डॉ आनंद त्रिपाठी,सोनू ठाकुर, प्रदीप प्रकाश कपिल अत्री , डॉ रुचि अग्रवाल, डॉ रेखा राय , डॉ अनु गर्ग , डॉ विनोद , डॉ अंकुश , डॉ विवेक कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीके गोस्वामी ने किया। बीएसए कॉलेज का यह वार्षिक खेल महाकुंभ जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मंच साबित हुआ।

## डीएम की अध्यक्षता में टैबलेट वितरण के प्रगति से सम्बंधित समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु डिजीशक्ति पोर्टल पर छात्र-छात्राओं का डाटा एडिट/प्रमोट/अपलोड/आधार सत्यापन एवं संस्थाओं को आवंटित किये गये टैबलेट वितरण की समीक्षा किये जाने के सम्बन्ध में जनपद में सचांलित समस्त स्नातकोत्तर महाविद्यालयों एवं तकनीकी संस्थानों के प्राचार्यो की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित प्राचार्यों से संस्थावार उक्त योजना की समीक्षा की गयी। उन्होंने संस्थाओं द्वारा अद्यतन 6014 लाभार्थी छात्र-छात्राओं का आधार वेरिफिकेशन कार्य पूर्ण न होने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि 01 सप्ताह के भीतर समस्त लाभार्थियों का आधार वेरिफिकेशन कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये तथा संस्थाओं को प्राप्त कराये गये टैबलेटों को सम्बन्धित छात्र-छात्राओं को तत्काल वितरित करें। निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत यदि संस्थाओं द्वारा उक्त कार्य नही किया जाता है तो सम्बन्धित संस्थाओं को शासकीय कार्य के प्रति उदासीनता मानते हुए कार्यवाही कर दिया जायेगा। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि यदि 01 सप्ताह में समस्त कार्य पूर्ण नही किया जाता है तो संस्थाध्यक्ष द्वारा इस आशय का प्रमाण-पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को प्राप्त कराये कि हमारे संस्था में टैबलेट वितरण से सम्बन्धित कोई भी अर्ह छात्र-छात्रा टैबलेट प्राप्त करने हेतु अवशेष नहीं है, यदि भविष्य में किसी भी अर्ह छात्र-छात्रा द्वारा कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संस्थाध्यक्ष की होगी।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक हरिशचन्द्र नाथ सहित महाविद्यालयों के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे।

# शब ए बरात तौबा की और फैसले रात

## अपने मां बाप से अच्छा सुलूक करो, नशा के करीब मत जाओ मुफ्ती नजमुल हुदा कासमी

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** मदरसा खलीलिया सेमरियावां में शब ए रात की रात को बाद नमाज ईशा एक जलसे का आयोजन किया गया ।इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

शबे ए बरात की विशेषताओं के बारे में मुफ्ती नजमुल हुदा कासमी ने अपने संबोधन में कहा कि शब ए बरात की बहुत फजीलत है ।इस रात में साल भर पैदा होने वाले और मरने वाले का नाम लिख दिया जाता ।लोगों के पूरे साल का रिज्क लिख दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बरकत वाली रात में मस्जिद में, घर में नमाज पढ़ें, दुआ करें, इबादत करें ।अपने लिए, अपने माता पिता परिवार के लिए मगफिरत की दुआएं करें ।अल्लाह मगफिरत फरमाता है। उन्होंने कहा कि जो मां बाप के न फरमान होता है, बुग्ज हसद रखता है उसकी मगफिरत अल्लाह नहीं करते।

अल्लाह की इबादत करो मां बाप के साथ अच्छा सुलूक करो ।माता पिता की बहुत अहमियत है। दो रिश्ते बहुत अहम होते है माता पिता की औलाद से और उस्ताद शागिर्द की ।इनका मर्तबा बहुत ऊंचा है ।इनके लिए जरूर दुआएं करें। मजलूम की बद दुआ से बचो। समाज में नशा शराब की बुराई आम होती जा रही है ।शराब नासूर है। इस रात को रहमत की रात, दस्तावेज की रात, फैसले की रात, रहमत की रात और जहन्नम से छुटकारा की रात कहते हैं ।इस रात में ज्यादा से ज्यादा तौबा करें, गुनाहों से माफी मांगे ।अल्लाह को तोबा बहुत पसंद है।





### मदरसा खलीलिया में वार्षिकोत्सव 40 बच्चे इनाम पाकर हुए बेहद खुश

संतकबीरनगर ।मदरसा अरबिया खलीलिया सेमरियावां में शब ए बरात की रात को बच्चों का इनामी प्रोग्राम एवं जलसे का आयोजन किया गया ।जिसकी सदारत बुजुर्ग शायर मौलाना मुजीब बस्ती और संचालन सेराज हमीदी ने किया। इस अवसर पर कासिम, एहतेशाम फातिमा, मो खालिद, नाजिया खातून, मो अरशद, अबू हुरैरा, मो हुजैफा, साहिबा खातून सहित 40 बच्चों को मुख्यातिथि मौलाना सिद्दकी उमर, मौलाना मो अकरम मुजीब बस्तवी ने इनाम देकर हौसला बढ़ाया ।इनाम पाकर बच्चे काफी खुश हुए ।अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।इस अवसर जफीर अली करखी ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों की पढ़ाई के प्रति सचेत रहें ।कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहें ।इनकी व्यक्तिगत सफाई पर ध्यान दें।

# सोशल मीडिया एप्स के जरिये पैसों का ऑफर देकर महिलाओं के पैरों का मंगाता था फोटो, करता था अश्लील हरकतें, गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** अवगत कराना है कि दिनांक एक फरवरी 2025 को एक महिला द्वारा साइबर क्राइम थाना पर सूचना दी गयी कि दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को एक व्यक्ति द्वारा उसको स्नैप चैट पर फ्रेन्ड रिक्वैस्ट भेजी गयी, जिसको उनके द्वारा एक्सेप्ट कर लिया गया । उसके बाद उक्त व्यक्ति द्वारा स्नैप चैट पर उक्त महिला से चैटिंग शुरू कर दी गयी और कुछ दिनो की चैटिंग के बाद उक्त व्यक्ति उस महिला को अश्लील कमेंट भेजने लगा और उसके पांवो की फोटो मांगने लगा और फोटो के एवज में पैसे देने की बात करने लगा और पांवो की फोटो न देने पर चैट को सार्वजनिक कर बदनाम करने की धमकी देने लगा । उक्त सूचना के आधार पर थाना साइबर क्राइम पर प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया ।

उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त अभियोग मे नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम को निर्देशित किया गया । जिसके क्रम मे शुक्रवार को थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा टेक्नीकल इंटेलीजेन्स के माध्यम से ट्रैस कर अभियुक्त दीपक शर्मा को रुहेरी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

पकडा अभियुक्त का नाम दीपक शर्मा पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी भानौली थाना लोधा जनपद अलीगढ है। अभियुक्त दीपक शर्मा के अन्दर महिलाओं के पांवो की फोटो देखने का मनोविकार है । उक्त व्यक्ति द्वारा ऑफलाईन और ऑनलाइल सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं मित्रता कर पांवो की फोटो की माँग करता है और पांवो की फोटो न देने पर धमकी भी देता है ।

अभियुक्त के फोन में भिन्न भिन्न महिलाओं के करीब एक फोटो पांवो के पाये गये है ।यहां तक की जानकारी हुई है कि महिलाओं के पैरो के फोटो लेने के लिय उनको पैसे भी देता रहा है । वादिया द्वारा भी बताया गया कि कई बार अभियुक्त उपरोक्त द्वारा रूपयों का ऑफर किया गया है ।

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रेखा अस्थाना को साहित्यकारों ने दी श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद एवं साहित्य मुग्धा दर्पण की संस्थापिका डॉ. रेखा अस्थाना के आकस्मिक निधन पर मुग्धा दर्पण और टू मीडिया के सयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।



शालीमार गार्डन स्थित टू मीडिया स्टूडियो में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में साहित्य जगत के वरिष्ठ साहित्यकार, साहित्यिक संस्थाओं के प्रमुख, और शिक्षाविदो ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा ने कहा डॉ. रेखा अस्थाना जी का सरल, सहज, मधुर व्यवहार और साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

सभा में लम्हे जिंदगी के संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्षा डॉ० पूजा भारद्वाज, सरन शब्द गुंजन की संस्थापिका डाॅ॰ लक्ष्मी अग्रवाल, साहित्य मुग्धा दर्पण की सुनंदा श्रीवास्तव, कविता भाटिया, देवेंद्र शर्मा 'देव', रूबी शोम, वर्षा रानी, आशा अस्थाना, डाॅ॰ सरिता गर्ग, पुनीता सिंह, पूजा श्रीवास्तव, संगीता गुप्ता, महेश वाजपेयी, एस एम भाटिया और विनोद अस्थाना, अशोक कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# कहां से आया वैलेंटाइन्स डे, और क्यों लोग इस दिन का करते हैं सालभर बेसब्री से इंतजार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** दुनिया भर के प्रेमी युगल सालभर 14 फरवरी वैलेंटाइन्स डे का इंतजार बड़ी ही बेसब्री से करते हैं, साल के फरवरी का महीना प्यार करने वाले हर दिल के लिए बेहद खास होता है। 7 फरवरी (रोज डे) के साथ वैलेंटाइन वीक की शुरूआत हो जाती है, जो 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के साथ खत्म हो जाता है। वैलेंटाइन डे पर लोग अपने प्रेमी साथी को कुछ खास एहसास कराने के लिए उन्हें उपहार देते हैं, उनके साथ घूमने की योजना बनाकर उन्हें आश्चर्यचकित करते हैं। ये बात तो हर कोई जानता है, लेकिन क्या आप यह भी जानते हैं आखिर 14 फरवरी को ही क्यों मनाया जाता है वैलेंटाइन्स डे ? आखिर कौन थे सेंट वैलेंटाइन ? आइए जानते हैं आखिर क्या है वैलेंटाइन डे का इतिहास और



उसे मनाने के पीछे की असल खूबसूरत कहानी।

### कैसे हुई वैलेंटाइन डे को मनाने की शुरूआत ?

दुनियाभर में हर साल 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। जिसकी शुरूआत रोम के राजा क्लॉडियस के समय में हुई। कहा जाता है कि उस वक्त रोम में एक पादरी थे, जिनका नाम सेंट वैलेंटाइन था। वैलेंटाइन डे की ये कहानी उन्हीं के प्यार और बलिदान को समर्पित हैं। जिनके नाम पर बाद में वैलेंटाइन डे मनाने की शुरूआत हुई।

### क्या है वैलेंटाइन डे का इतिहास

दरअसल, राजा क्लॉडियस का मानना था कि प्यार और शादी, पुरुषों की शक्ति को खत्म कर देता है। अपनी इसी सोच के चलते उन्होंने अपने राज्य में ये आदेश तक पारित कर दिया कि, राज्य के अधिकारी और सैनिक शादी नहीं कर सकते हैं। लेकिन इसके विपरीत सेंट वैलेंटाइन हमेशा से ही दुनिया में प्यार को बढ़ावा देने की बात कहते थे। सेंट वैलेंटाइन को जब राजा के इस आदेश की जानकारी हुई तो उन्होंने इसका विरोध किया। उन्होंने सेना के कई अधिकारियों और सैनिकों की शादी करवा दी। इस बात की जानकारी जब राजा को हुई तो उन्होंने 14 फरवरी 269 के दिन सेंट वैलेंटाइन को फांसी पर चढ़ा दिया। उनके निधन के बाद लोगों ने उनके बलिदान को सम्मान दिया और उनकी याद में वैलेंटाइन डे मनाने का फैसला किया।

### पहली बार कब मनाया गया वैलेंटाइन्स डे ?

वैलेंटाइन डे मनाने की शुरूआत रोमन फेस्टिवल से हुई। दुनिया में पहली बार 496 में वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया गया था। जिसके बाद पांचवी शताब्दी में रोम के पोप गेलैसियस ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के रूप में मनाने का ऐलान किया। इस दिन से रोम समेत दुनिया भर में हर साल धूमधाम से 14 फरवरी का दिन वैलेंटाइंस डे के रूप में मनाया जाने लगा।

विदेशों में मनाया जाने वाला वैलेंटाइन डे हमारे देश में भी मनाया जाने लगा है। इस दिन लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं। लेकिन हिंदू संगठन इस दिवस का विरोध करते हैं। इसको लेकर जिले में पुलिस सतर्क है। इस दिन पार्क आदि स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। वहीं हिंदू संगठनों भी सक्रिय हो गए है। वह इसके विरोध में निकल पड़े हैं। आपको बतातें चलें सेंट वेलेंटाइन प्यार के प्रचारक थे, इसलिए लोगों ने यह मानते हैं कि उन्होंने दुनिया को प्यार का संदेश देने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इसलिए 14 फरवरी का दिन प्यार के दिन के रूप में सेलिब्रेट करने के लिए वैलेंटाइन डे मनाने की शुरूआत हुई। इस दिन रोम समेत दुनिया में प्यार का दिन मनाया जाता है। विदेशों की देखादुनी हमारे देश में भी युवा जोड़े इस पर्व को मनाने लगे है। लेकिन इस बार इस दिन पार्क, भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस का पहरा है।

### देर रात एसडीम का सीएचसी पर औचक निरीक्षण, गायब मिला वार्ड बॉय

**सासनी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बृहस्पतिवार की देर रात एसडीएम प्रज्ञा यादव द्वारा किए गए औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य केंद्र में हड़कंप मच गया। रात 11:30 बजे किए गए इस निरीक्षण में कई खामियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल का वार्ड बॉय अनुपस्थित पाया गया, जिससे मरीजों की देखभाल प्रभावित हो रही थी। एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया, जिसमें इमरजेंसी वार्ड, दवाओं का रखरखाव, मिनी एनआईसी केंद्र और जच्चा-बच्चा केंद्र शामिल थे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने प्रसूता महिलाओं से भी मुलाकात की और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को किसी भी प्रकार की सुविधा में कमी नहीं आनी चाहिए।

# वक्फ संशोधन बिल से आम मुसलमानों को कोई खतरा नहीं: मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में वक्फ संशोधन बिल को लेकर बड़ी बात कहते हुए कहा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है, और इस पर बनाई गई जेपीसी की रिपोर्ट को संसद के पटल पर रख भी दिया गया है, जिससे काफी चर्चा हो रही है। उन्होंने देश के आम मुसलमानों को आश्वस्त किया कि इस बिल से आम मुसलमानों, मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों को कोई खतरा नहीं है।

उन्होंने मुसलमानों से अपील की, कि वे किसी भी तरह की अफवाहों और गलत जानकारी से भ्रमित न हों। मौलाना रजवी ने कहा कि इस बिल से केवल उन लोगों को डरने की जरूरत है, जिन्होंने बुजुर्गों और गरीब मुसलमान के



लिए वक्फ की गई जमीनों और जायदादों पर अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई भू-माफिया वक्फ की जमीनों को खुर्द-बुर्द कर रहे हैं और इस कारण आम मुसलमान भी परेशान हैं।

मौलाना ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्षों और सदस्यों पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोग मनमाने तरीके से वक्फ की जमीनों को भू-माफियाओं को बेचने का काम कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड के जिम्मेदारों ने करोड़ों की जमीनें औने-पौने दामों पर बेच दी हैं। उन्होंने कहा कि इस संशोधन बिल के लागू होने से इस तरह के भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। मौलाना ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने अपनी जमीनें और जायदादें इसलिए वक्फ की थीं ताकि उससे मिलने वाली आमदनी गरीब और कमजोर मुसलमानों की मदद के लिए खर्च हो। लेकिन वक्फ बोर्ड के भ्रष्टाचार के कारण यह मकसद पूरा नहीं हो सका। उन्होंने भारत सरकार से मांग की, कि इस बिल को जल्द से जल्द संसद में पारित कर लागू किया जाए। मौलाना ने कहा कि इस बिल का विरोध केवल वे लोग कर रहे हैं जिन्होंने वक्फ की जमीनों पर आलीशान इमारतें बना रखी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों की आमदनी गरीब मुसलमानों की मदद में खर्च होने के बजाय उनके निजी खजाने में जा रही है। उन्होंने मुसलमानों से अपील की, कि वे इस बिल के खिलाफ दुष्प्रचार से बचें और सच को समझें।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे पाना चाहता था पुलिस की नौकरी, खुलासा होने के बाद आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** पुलिस भर्ती के लिए निर्धारित उम्र सीमा पार कर चुके एक युवक ने नौकरी पाने की चाहत में अपने प्रमाणपत्रों में ही फजीर्वाड़ा कर लिया। लेकिन उसकी यह जालसाजी ज्यादा समय तक न टिक सकी। भर्ती बोर्ड के सदस्यों ने समय रहते इस फजीर्वाड़े को पकड़ लिया और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ बरेली के कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आपको बता दें कि इन दिनों थाना कैंट क्षेत्र स्थित 8वीं पीएसी वाहिनी के परिसर में नागरिक पुलिस में आरक्षी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा चल रही है। पुलिस के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने आए अभ्यर्थी सोनू गुप्ता पर शक होने के कारण उसे रोका गया। जब भर्ती बोर्ड ने उसकी जानकारी जांची, तो पता चला कि एटा जिले के थाना मिरहची के गांव अख्तोली नया बांस निवासी सोनू की वास्तविक उम्र उसके दस्तावेजों से मेल नहीं खा रही थी। उसे देखने



से ही लग रहा था कि वह कागजों में दर्ज उम्र से कहीं अधिक का है। बायोमीट्रिक सत्यापन और ई-केवाईसी जांच के दौरान उसके पास से फर्जी आधार कार्ड, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की जाली मार्कशीट बरामद हुईं। मौके पर तैनात इंस्पेक्टर विपिन कुमार और दरोगा मोहित चौधरी ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी के पास से हाईस्कूल की दो अलग-अलग मार्कशीट मिलीं, जिनमें एक वर्ष 1995 की और दूसरी 2001 की है। पुलिस ने उसे कैंट थाने ले जाकर मुकदमा दर्ज किया। भर्ती बोर्ड के नोडल अधिकारी एसपी यातायात अकमल खान ने आरोपी सोनू गुप्ता से पूछताछ की। पूछताछ में सोनू ने बताया है कि उसकी भर्ती की उम्र निकल चुकी थी, इसलिए उसने आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर अपनी जन्मतिथि 10 फरवरी 1995 से बदलकर 30 जून 2001 कर ली। इसके बाद, उसने इसी फर्जी आधार कार्ड का उपयोग कर दोबारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की नई मार्कशीट बनवा ली। नई उम्र और नए प्रमाणपत्रों के सहारे वह पुलिस भर्ती में शामिल होने पहुंचा था, लेकिन बायोमीट्रिक और ई-केवाईसी जांच में उसका फजीर्वाड़ा सबके सामने आ गया। एसपी यातायात ने बताया है कि आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि सोनू गुप्ता को फर्जी दस्तावेज बनवाने में किसकी मदद मिली थी। यदि इसमें कोई और शामिल पाया गया, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत इच्छुक किसान ऑनलाइन पंजीकरण कर प्राप्त करें अनुदान

**अमेठी।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ०प्र०, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) योजना लागू कर दी गयी है ।इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त किसान जो फल, शाकभाजी, मसाला, पुष्प कार्यक्रम एवं प्रोजेक्ट बेस कार्यक्रम जैसे संरक्षित खेती (पॉली हाउस, शेडनेट हाउस), शीतगृह, राइपनिंग चौम्बर आदि का लाभ प्राप्त करने हेतु वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कृषि भवन, ताला (प्रथम तल) में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। इस क्रम में उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पहले आओ पहले पाओ एवं अनुदान का भुगतान डी.बी.टी./काइन्ड डी.बी.टी. के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

# एक किशोरी को दूसरे समुदाय के युवक द्वारा भगा ले जाने के कारण दो गांव में भारी तनाव का माहौल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** एक किशोरी को दूसरे समुदाय के चूड़ी बेचने वाले युवक के द्वारा भगा ले जाने के बाद आंवला के गांव चकरपुर और महमूदपुर में हालात संवेदनशील हो गए हैं। सीओ एलआईयू ने भी डीएम और एसएसपी को भेजी रिपोर्ट में दोनों गांवों के लोगों के बीच तनाव बढ़ने की बात कही है। बताया गया है कि धार्मिक विवाद की वजह से डेढ़ साल पहले भी उनके बीच टकराव की नौबत पैदा हुई थी जो किशोरी को भगा ले जाने के बाद अब फिर बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार चकरपुर गांव की एक 15 वर्षीय किशोरी को महमूदपुर गांव का आमिर हुसैन नाम का युवक कुछ दिन पहले भगा ले गया था। किशोरी के पिता की ओर से आमिर के साथ इस मामले में महमूदपुर



के ही बबलू और सुहैल को भी नामजद करते हुए थाना आंवला में आठ फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बताया जाता है कि आमिर सिरौली के गांव के चकरपुर में चूड़ी और महिलाओं के श्रृंगार का सामान बेचने काफी समय से आता था। इसी बीच वह 15 वर्षीय किशोरी को फुसलाने में कामयाब हो गया और आठ फरवरी को उसे भगा ले गया। पुलिस अब तक किशोरी को तलाश नहीं कर पाई है।

वहीं सीओ एलआईयू की ओर से एसएसपी और डीएम को भेजी रिपोर्ट में भी बताया गया है कि दो समुदाय के बीच का यह प्रकरण संवेदनशील बना हुआ है। दोनों गांव के बीच करीब एक किमी की दूरी है। करीब 15 सौ की आबादी वाले चकरपुर गांव में दूसरे समुदाय के लोग नहीं रहते। महमूदपुर गांव की आबादी करीब पांच हजार जहां 20 प्रतिशत लोग दूसरे समुदाय के भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी आरोपियों की गिरफ्तारी और लड़की की बरामदगी की मांग कर रहे हैं। गांव महमूदपुर में करीब डेढ़ साल पहले एक धर्मस्थल की ईंटों को लेकर भी दोनों समुदायों के बीच विवाद हो चुका है। इसके बाद अब तक उनमें मतभेद बना हुआ है। आशंका जताई गई है कि आरोपियों की गिरफ्तारी और लड़की की बरामदगी के लिए जल्द धरना-प्रदर्शन भी शुरू हो सकता है।

### कस्तूरबा' की बालिकाएं खेलों में भी दिखाएंगी दम

**बरेली।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की बालिकाएं अब खेलों में प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। इसके लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) कस्तूरबा बालिका विद्यालय की बालिकाओं को खेलों में प्रशिक्षण देगा। राज्य सरकार जल्द ही साई के साथ एमओयू करने जा रही है। फिलहाल प्रदेश के कुल 746 केजीबीवी में से 680 केजीबीवी की बालिकाओं के लिए यह सुविधा शुरू करने का निर्णय किया गया है। खोखो, कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, कबड्डी, तलवारबाजी, क्रिकेट, बैडमिंडन, टेबुल टेनिस, फुटबाल, वॉलीबाल, तीरंदाजी एवं एथलेटिक्स में प्रतिभाशाली बालिकाओं को विशेष तैयारी कराने की योजना है। ट्रायल में चयनित बालिकाओं में से जो अत्यधिक प्रतिभाशाली बालिकाएं होंगी साई उन बालिकाओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेगा।

# मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु विकास खण्ड जगदीशपुर में ब्लॉक बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**

**अमेठी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि आज मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु विकास खण्ड स्तर पर ब्लॉक बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक विकास खण्ड जगदीशपुर में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में अजय कुमार संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई अमेठी के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के दृष्टिगत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य/कोविड



मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे विस्तार उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं व पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन का लाभ ले रही महिलाओं को उनकी फैमिली आई०डी० बनाये जाने को लेकर जानकारी प्रदान की गयी तथा विकास खण्ड संग्रामपुर पर लम्बित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य व पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत आवेदनों पत्रों को सत्यापित कर जनपद स्तर पर भेजने हेतु खण्ड विकास अधिकारी जगदीशपुर से अनुरोध किया गया। इसके उपरान्त बैठक में खण्ड विकास अधिकारी जगदीशपुर के द्वारा बाल संरक्षण के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड के सभी 06-14 आयु वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा व पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए उनके सर्वांगीण विकास व उन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाय तथा उक्त योजनाओं के लम्बित समस्त आवेदनों को समयान्तर्गत सत्यापन कर जनपद स्तर पर प्रेषित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में खण्ड विकास अधिकारी जगदीशपुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक पंचायत अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई अमेठी के संरक्षण अधिकारी अजय कुमार उपस्थित रहें।

# हया इंसान को अल्लाह के करीब करती हैः मुफ़्ती सईदुज्जफर

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** बृहस्पतिवार की रात शब ए बरात के मुबारक मौके पर मुसलमानों ने अल्लाह की इबादत कर अपने गुनाहों की माफी के लिए खुसूसी दुआएं कीं।लोग कब्रिस्तान भी गए और अपने मरहूमीन की कब्र पर पहुंचकर उन्हें ईसाल ए सवाब किया।जामा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों में जलसों का आयोजन किया गया।

जामा मस्जिद में आयोजित जलसे का आगाज कारी नफीस अहमद की तिलावत ए कलाम पाक से हुआ।इसके बाद मुफ़्ती निजामुद्दीन ने बारगाह ए रिसालत में नजराना ए अकीदत पेश किया।जलसे को खिताब करते हुए मौलाना मुफ़्ती सईदुज्जफर कासमी ने कहा कि

शब-ए-बरात मगफिरत (बख्शिश) की रात है, जिसमें अल्लाह पाक अपने बंदों की दुआएं कुबूल करता है, उनके गुनाह माफ करता है और रहमतों से नवाजता है।हदीस के मुताबिक, इस मुबारक रात में अल्लाह पाक लोगों में साल भर का रिज्क तकसीम करता है।

मुफ़्ती साहब ने अपनी तकरीर में हया और गैरत की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि गैरत के बिना इंसान, इंसान नहीं रह जाता।उन्होंने बताया कि इस्लाम में गैरत और हया को इंसानी किरदार का अहम हिस्सा माना गया है, जो इंसान को बुराइयों से बचाकर अच्छाइयों की तरफ ले जाता है।

अगर कोई शख्स अपनी हया की हिफाजत करता है, तो समाज में उसका मुकाम बुलंद होता है और लोग उसकी इज्जत करते हैं।मुफ़्ती साहब ने आगे कहा कि हया इंसान के दिल, जुबान और आमाल में झलकनी चाहिए।एक मोमिन के लिए जरूरी है कि वह अपने किरदार में गैरत व हया को अपनाए, क्योंकि यह इंसान को अल्लाह के करीब करती है।जलसे में बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की।संचालन हाफिज शकील कुरैशी ने किया।

# पालिकाध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट कर समस्याओं का सौपा मांगपत्र

**बागेश्वर।** दानपुर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल को दोबारा पुनः निर्वाचित होने और पदभार संभालने पर बधाई देते हुए शिष्टाचार भेंट वार्ता की।सेवा समिति के लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर पालिकाध्यक्ष का स्वागत और सम्मान पत्र व अभिनंदन पत्र का वाचन किया। साथ ही अपनी समस्याओं की जानकारी दी और शीघ्र समस्याओं का समाधान करने की मांग की। समिति अध्यक्ष मान सिंह देव ने पालिकाध्यक्ष द्वारा घोषित संकल्प पत्र की सराहना की। संकल्प पत्र का कार्यान्वयन प्राथमिकता के आधार पर करने की मांग की।उन्होंने जीत नगर कठायतबाड़ा पुल का निर्माण, मंडलसेरा से ट्रामा सेंटर तक अधूरे सड़क मार्ग का मिलान, जीत नगर से झूला पुल तक हल्के वाहनों के लिए मिलान सहित कुंती गधेरे का समुचित प्रबंध करने की मांग की।

# अवादा ग्रुप का सराहनीय कदम हजारों लोगों को कराई कुंभ यात्रा एवं स्नान

वेलकम इंडिया




**वाराणसी।** देश की प्रमुख रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अवादा ग्रुप ने सोनभद्र जिले के चिंचलिक और खंडेला गांव में 105 लोगों सहित साढ़े चार हजार लोगों को 9 बसों के माध्यम से कुंभ यात्रा का अनुभव कराया आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी जी द्वारा गोद लिए हुए गांव जयापुर और नागेपुर सोनभद्र के बसुहारी एवं अडगुण से भी ग्रामीणों को यात्रा करने का अवसर दे रहे हैं। अपनी प्रतिदिन प्रतिबद्धता के अनुरूप अवादा ग्रुप ने सोनभद्र, महाराष्ट्र और राजस्थान और गुजरात के लगभग 1000 लोगों के प्रयागराज कुंभ मेले कुंभ यात्रा का इंतजाम कर रहा हैं अपने आप में अनूठा हैं यह नेक कार्य अवादा समूह की सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

चिंचलिक के ग्राम प्रधान राजकुमार जी इस यात्रा से बेहद अभिभूत दिखे उन्होंने कहा कि हम सभी 144 साल बाद आने वाले इस कुंभ में स्नान करना चाहते थे किंतु संसाधन एवं समर्थ के अभाव में हम यात्रा के बारे में सोच भी नहीं रहे थे अवादा ग्रुप ने न केवल हमारे गांव के लोगों की यह इच्छा पूरी की बल्कि हमें अपने परिवार की तरह आदर सम्मान भी दिया खोंडेला के ग्राम प्रधान पिंटू सिंह ने अवादा ग्रुप के चेयर मेन को और समस्त ग्रुप के पदाधिकारी को बहुत-बहुत आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी है। यह यात्रा 22 जनवरी से शुरू हुई और यात्रा के दौरान रहने खाने पीने मेला घूमने और दर्शन की सभी व्यवस्थाएं अवादा ग्रुप द्वारा की जा रही है सोनभद्र,महाराष्ट्र और राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश के कई गांव के ग्राम प्रधान और नागरिकों में इस यात्रा को लेकर काफी उत्साह है एक ग्राम प्रधान ने॰कहा तीर्थ यात्रा तो आत्मीय स्वजन ही करवाते हैं यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है बल्कि यह सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक भी है हम चाहते हैं कि सभी को कुंभ के पावन जल में डुबकी लगाने और भगवान का आशीर्वाद लेने का मौका मिले अवादा ग्रुप की इस योजना से सोनभद्र के आदिवासी समुदाय महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# धैर्य पूर्वक एवं तनाव मुक्त होकर करें परीक्षा की तैयारी :गोयल



**नूरपुर।** चिल्ड्रंस एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूरपुर के प्रधानाचार्य गौरव गोयल ने बताया कि संयम और पूर्ण एकग्रता से करें विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा देने की तैयारी मोबाईल फोन के इस युग में एकाग्रता का बनाना बहुत जटिल है लेकिन नामुमकिन नही। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि जितना हो सके बोर्ड परीक्षाओं के चलते मोबाइल से दूर रहें। हो सके तो इस कार्यकाल में मोबाईल प्रयोग ही ना करें। निरन्तर प्रयासरत विद्यार्थी अपने कोर्स का बार-बार रिविजन करें। जिन विद्यार्थियो ने ज्यादा समय अपनी पढाई को नहीं दिया है। वे कुछ चुनिन्दा टॉपिक्स लेकर उन्हें बार-दोहराने का प्रयास करें ताकि पास होने के साथ-साथ अच्छे मार्क्स भी ला सकें। अभिभावको से निवेदन है कि वो अपने बच्चे पर पूर्ण विश्वास करके उसे परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित करें तथा उसकी तुलना किसी दूसरे बच्चे से ना करें। दिन में कम से कम एक बार बच्चे से उसकी परीक्षा से सम्बन्धित बात जरूर करें। विद्यार्थी धैर्य पूर्वक एवं तनाव मुक्त होकर करें परीक्षा की तैयारी।

# पशुपालक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



**प्रतापगढ़।** एस्कैड योजना के अन्तर्गत पशुपालक जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन गड़ईचकदेईया में किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा किया गया। शिविर में विधायक सदर द्वारा पशुपालन विभाग तथा सरकार की अन्य योजनाओं जैसे मुर्गी पालन (बैंकयार्ड), भेंड़ पालन व बकरी पालन तथा मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना आदि के बारे में विस्तार से पशुपालकों को बताया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 प्रदीप कुमार द्वारा पशुधन बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन घटक) तथा मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 राम शब्द, ग्राम प्रधान अमित कुमार सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी विनय श्रीवास्तव, मीनाक्षी, लक्ष्मी, डा0 राम सजीवन मौर्य तथा संदीप सिंह, धीरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों का हुआ रंगारंग समापन

**बागेश्वर।** 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुक्रवार को हल्द्वानी गौलापार स्पोर्ट्स स्टेडियम में सफलतापूर्वक समापन हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे। समापन समारोह को वर्चुअल माध्यम से जनपद मुख्यालय पर देखा गया। इस दौरान जिलाधिकारी आशीष भटगांई, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, सीएमओ डॉ कुमार आदित्य तिवारी,परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या,जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चंद्र गोस्वामी,जिला क्रीड़ा अधिकारी किरन नेगी समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि देहरादून राष्ट्रीय खेलों का प्रमुख आयोजन स्थल रहा।

# सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया

वेलकम इंडिया




**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मोहल्ला सराय रफी एवं मोहल्ला विवेक नगर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ ज्ञानेंद्र सिंह तथा डॉ मीनाक्षी चौहान के निर्देशन में किया गया। प्रथम दिवस सबसे पहले छात्र-छात्राओं ने श्रमदान कर शिविर स्थल की साफ-सफाई की।

विशेष शिविर का उद्घाटन राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश कुमार एवं एकेडमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं महत्व के विषय में छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं हैं इसलिए आपको शिविर में पहले स्वयं अच्छे से कार्य करने हैं फिर दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बना है। छात्र छात्राओं को शिविर में पूर्ण अनुशासन एवं लगन के साथ सहभागिता करनी है तथा शिविर के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहना होगा। छात्र इकाई के परियोजना अधिकारी डॉ ज्ञानेंद्र सिंह ने मंच का संचालन करते हुए छात्र छात्राओं को उत्तम व्यवहार के साथ शिविर में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उद्घाटन के अवसर पर शिविर में सहायक प्राध्यापकों श्री सन्नी कुमार एवं पूजा राजपूत के साथ-साथ उपस्थित स्टाफ एवं अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय का अधिसंख्य स्टाफ उपस्थित रहा।

शुभारंभ की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात द्वितीय पहर में ॰स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत॰ विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार संगोष्ठी में अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार तालान ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का महत्व समझाया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य की कुंजी है।

# पुलवामा शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजन



वेलकम इंडिया

**वाराणसी चोलापुर।** क्षेत्र के स्थानीय बाजार में शुक्रवार को शहीद स्मारक चोलापुर व गोसाईपुर मोहाँव कान्हा टी स्टॉल पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सदर तहसील के पत्रकारों के साथ चोलापुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने दी श्रद्धांजलि

जिसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सदर तहसील जिले के एकमात्र शहीद स्मारक चोलापुर गोसाईपुर मोहाँव कान्हा टी स्टॉल पर कश्मीर के पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स पर आतंकी हमले में शहीद हुए 40 लोगों के शहीदी बलिदान को नमन करते हुए दीप व कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि दी गई इस मौके पर इंस्पेक्टर राकेश कुमार चोलापुर थाना प्रभारी के साथ सदर अध्यक्ष विजय शंकर चौबे जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह महामंत्री नित्यानंद चौबे कोषाध्यक्ष अभय यादव संगठन मंत्री दीपक सिंह मीडिया प्रभारी राहुल चौबे अतुल राय आनंद राय विश्वनाथ सिंह प्रदीप यादव अंगद यादव रितेश सिंह सुमित गुप्ता जैन कुमार सिंह भाजपा वरिष्ठ नेता अरुण पाठक सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे

# उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को विदा किया



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में लखनऊ एयरपोर्ट पर विदाई दी। उन्होंने उनकी सफल यात्रा की शुभकामनाएँ देते हुए राज्य सरकार की ओर से आभार व्यक्त किया।

इससे पूर्व, उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में चार लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (3 किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (2 किमी) शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि नितिन गडकरी के नेतृत्व में देश के अधोसंरचना क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ है। उत्तर प्रदेश को भी इससे बड़े स्तर पर लाभ मिला है, जिससे राज्य में कनेक्टिविटी और विकास परियोजनाओं को गति मिली है।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** देवता महाविद्यालय मोरना में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत जनसंपर्क दिवस के रूप में मनाया गया सभी कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने अपने-अपने चयनित ग्राम में जाकर सामाजिक जागरूकता अभियान चलाया, रैली एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ लोकबीर सिंह द्वारा किया गया प्राचार्य ने स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जनसंपर्क समाज की समस्याओं को समझने और उनके समाधान की दिशा में कदम उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

इस अवसर पर स्वयंसेवक भूदेव, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, हिमांशु, दिवेश कुमार स्वयं सेविकाओं में लिपसी चौहान, भावना, पलक, अलका रानी आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ राशिद खान, कैप्टन डॉ सुनीता देवी, डॉ शोभना गहलोत, डॉ राजीव कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ अजीत कुमार, उपस्थित रहे डॉ सुमित्रा देवी, पदम कुमार का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में भूपेंद्र कुमार, मोहित कुमार, महिपाल सिंह और ग्राम प्रधानों का सहयोग सराहनीय रहा।

# बिछुड़े 195 यात्रियों को उनके परिजनों से मिलवाया

वेलकम इंडिया







**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, मण्डल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ मानवीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है। आईजी, आरपीएफ, उत्तर रेलवे, पंकज गंगवार के मार्गदर्शन तथा मण्डल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा के दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, देवांश शुक्ला द्वारा महाकुम्भ-2025 के प्रारम्भ से एक सुनियोजित नीति का निर्माण करते हुए आरपीएफ के सभी जवानों को यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ हर परिस्थिति में सहायता व मधुर व्यवहार करने का मूलमंत्र दिया गया था। इसी मूलमंत्र को आरपीएफ के जवानों द्वारा चरितार्थ करते हुए स्टेशनों एवं रेल गाड़ियों से यात्रा के दौरान महाकुम्भ की भीड़ में अपने परिजनों से बिछुड़े हुए 195 यात्रियों को तत्काल कार्यवाही करते हुए उनके परिजनों से मिलवाया गया तथा 186 बीमार यात्रियों को मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाई गई। लखनऊ मंडल परिक्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे- प्रयाग जं., फाफामऊ जं., प्रयागराज संगम, वाराणसी जं.अयोध्या धाम एवं अयोध्या कैंट.स्टेशनों पर अपने परिजनों से बिछुड़ गए बच्चों, महिलाओ व बुजुर्गों को बचाने व उनको सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु विशेष टीम और खोया-पाया केंद्रों का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न भाषाओं की जानकारी रखने वाले आरपीएफ स्टाफ को तैनात किया गया है, ताकि पूरे भारत वर्ष के किसी भी स्थान से आए हुए बच्चों व व्यक्तियों की पीड़ा व भाषा को समझने व समझा पाने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, साथ ही इन सभी सहायता केंद्रों पर महिला बल सदस्यों को भी तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अकेली बालिका या महिला के मिलने पर उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार का कोई अभाव न रहने पाये।

स्टेशनों पर भारी भीड़ के दौरान जैसे ही खोया-पाया सहायता केन्द्र पर अपने परिजनों से बिछुड़े बच्चों, महिलाओ व बुजुर्गों की सूचना प्राप्त होती है, इसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए आरपीएफ टीम के द्वारा सम्पूर्ण स्टेशन परिसर में अनाउंसमेंट कराने के साथ-साथ सीसीटीवी के माध्यम से बिछुड़े व्यक्ति की पहचान कर उनके परिजनों से मिलवाया जाता है। यदि सीसीटीवी के माध्यम से गुमशुदा व्यक्ति ट्रेन से किसी दिशा की ओर जाते हुए दिखाई देता है तो ऐसी स्थिति मे तत्काल अगले स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ को जानकारी देकर ट्रेन को सर्च कराकर गुमशुदा व्यक्ति को खोज कर उसके परिजनों से मिलवाया जाता है।

# पुलवामा शहीद दिवसः एक दिन जो हमें शहीदों की कुबार्नी की याद दिलाता है : ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह

वेलकम इंडिया




**वाराणसी मिजार्मुराद।** विकास खंड चोलापुर क्षेत्र के छित्तमपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह के कार्यालय पर वीर शहीदों को नमन किया गया 5 मिनट का मौन धारण भी रखा गया था ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि जिसमें 14 फरवरी 2019 का दिन भारत के इतिहास में एक काला दिन है, जब पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकवादी हमला हुआ था। इस हमले में 40 से अधिक जवान शहीद हुए थे। यह हमला न केवल भारत की सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ा आघात था, बल्कि यह पूरे देश के लिए एक बड़ा झटका भी था।इस हमले के बाद, पूरे देश में आक्रोश फैल गया था। लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था और आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई थी। सरकार ने भी इस हमले के बाद कड़ी कार्रवाई की थी और पाकिस्तान के खिलाफ एयर स्ट्राइक की थी।

आज, जब हम पुलवामा शहीद दिवस मना रहे हैं, तो हमें उन जवानों की कुबार्नी को याद करना चाहिए जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान दे दी थी। हमें उनकी बहादुरी और समर्पण को सलाम करना चाहिए और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करनी चाहिए।

इस दिन को मनाने का उद्देश्य यह भी है कि हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हों और देश की सुरक्षा के लिए काम करें। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि देश की सुरक्षा के लिए हमारी सेना और सुरक्षा बलों का बलिदान अनमोल है और हमें उनका सम्मान करना चाहिए।

आइए, हम पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि दें और उनकी कुबार्नी को याद रखें। हमें उनकी बहादुरी और समर्पण से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# जिला सहकारी विकास समिति की बैठक का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** जिले में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु जिला सहकारी विकास समिति की बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने वर्षभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुये निर्देशित किया कि सहकारिता से जुडे विभिन्न हितधारकों यथा किसानों, महिलाओं तथा युवाओं को सम्मिलित करते हुए जमीनी स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये एवं प्रत्येक व्यक्ति तक सहकारिता की पहुंच सुनिश्चित की जाये।उन्होंने जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रतिनिधि को राजीविका समितियों एवं निष्क्रिय दुग्ध समितियों को पुनर्जीवित कर दुग्ध व्यवसाय को व्यापक बढाने हेतु निर्देशित किया। केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रतिनिधि विकास जैन द्वारा ग्राम सेवा सहकारी समितियों के ऋण वितरण के अतिरिक्त अन्य व्यवसायों यथा कॉमन सर्विस सेंटर, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र, राशन वितरण एवं कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने की सहमति प्रदान की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने सहकारी समितियों को गोदाम निर्माण तथा विभाग को कार्यालय हेतु भूमि आवंटन में राजस्व विभाग के पूर्ण समन्वय हेतु आश्वस्त किया। सदस्य सचिव एवं उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, सतेन्द्र सिंह मीना ने जिले में सहकारी समितियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा बैठक के बिन्दुवार एजेण्डा से सभी समिति सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, जिला रसद अधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, राज्य भण्डारण निगम के अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## भाजपा प्रभारियों ने मंडल अध्यक्ष चुनाव के लिए दावेदारी को लेकर ली कार्यकर्ताओं की बैठक



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** खरही मंडल में मंडल अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी के तौर पर पहुँचे प्रभारियों ने भाजपा कार्यकताओं की बैठक ली ।बैठक में जल्द मण्डल कार्यकारिणी के गठन को लेकर कार्यकताओं से रायसुमारी की ।बैठक में चुनाव प्रभारियों ने सभी कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले में सभी मंडलो में मंडल अध्यक्षों के चुनाव होने है ।इसके लिएसंगठन हित के लिए समर्थित भाव से कार्य करने वाले पदाधिकारी कार्यकर्ता चुनाव में अपनी दावेदारी कर सकते हैं ।बैठक में मंडल चुनाव प्रभारी के तौर पर पहुँचे प्रदेश कार्य समिति सदस्य दीप भगत, किरन पंत, रोहित ओझा,को जनपद बागेश्वर की मंडल अध्यक्ष की चुनाव के लिए प्रभारी बनाया गया है। कठपुडियाछीना में आयोजित बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष रहे मंडल के वरिष्ठ सदस्य बलवंत सिंह बिष्ट, हयात सिंह मेहता,जिला मंत्री रवि करायत, भोपाल रौतेला, नितिन जोशी सहित वर्तमान मंडल अध्यक्ष हेमा रौतेला, घनश्याम राणा एवं महेश चंद मिश्रा पंकज पांडे, मनीष कुमार और अन्य लोगों ने दावेदारी की है। वही भाजपा प्रभारियों ने सभी कार्यकताओं से पहले आम सहमति से कोई नाम जिलाचुनाव समिति को देने, या जल्दचुनाव की तिथि घोषित कर चुनाव करने की बात कही।

## *संगठन में रहोगे तो आगे बढ़ोगे उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण सुरक्षा कल्याण बोर्ड गठन की मजबूती के साथ उठायेगे आवाज/ प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़/** जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अन्तर्गत आने वाले गांव सलोनी में जिला महासचिव हापुड़ किशन शर्मा के पुत्र हेमंत शर्मा की सगाई कार्यक्रम के आयोजन में पहुंचे।विश्व ब्राह्मण संघ उत्तर प्रदेश (भारत) के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि संगठन में मजबूती से रहोगे तो आगे बढ़ोगे यूपी में ब्राह्मणों के उत्थान कल्याण सुरक्षा हेतु शीघ्र ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन होना चाहिए। और भगवान श्री परशुराम जयंती पर यूपी में सरकारी अवकाश घोषित किया जाए।इन दोनों ही मांगों को लेकर उनके द्वारा मजबूती से आवाज उठाई जाएगी। इस शुभ अवसर पर जिला महासचिव हापुड़ अजय शर्मा नरेंद्र शर्मा जिला संरक्षक मूल्चंद शर्मा (प्रधानाचार्य) जिला मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा आदि पदाधिकारियों का महेश शर्मा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला महासचिव किशन शर्मा ने जोरदार स्वागत किया !

# पुलवामा त्रासदी की बरसी पर जिला कलक्टर पहुंचे शहीद भागीरथ सिंह के घर, शहादत को किया नमन

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** पुलवामा हमले की बरसी पर जिले के वीर सपूत शहीद भागीरथ सिंह की शहादत को नमन करने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. उनके घर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की और उनकी वीरता को अमूल्य बताया। जिला कलक्टर ने शहीद की वीरांगना व परिवारजनों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों का कर्ज कभी नहीं चुकाया जा सकता, लेकिन उनके सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करता रहेगा।

इस दौरान उन्होंने बताया कि शहीदों की स्मृति को अटल बनाने हेतु सरकारी इमारतों और सार्वजनिक स्थानों का नामकरण उनके नाम पर किया जाता रहा है। यह न केवल शहीदों के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करता है कि वे अपने देश और समाज के लिए निः स्वार्थ सेवा के लिए तत्पर रहें। शहीद भागीरथ सिंह के घर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। पूरा माहौल देशभक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत था।

## संस्था के पदाधिकारियों ने पुलवामा की छठी वर्षी पर दी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जनपद इकाई हापुड़ के तत्वाधान में महिला बिग्रेड की जिला अध्यक्ष मोनिका त्यागी के नेतृत्व में हापुड़ नगर पालिका स्तिथ शहीद स्तम्भ पर संस्था के पदाधिकारियों ने पुलवामा मे शहीद हुए चालीस भारतीय सैनिको की छठी वर्षी गायत्री मंत्र का उच्चारण कर व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी श्रद्धांजलि देने वालों में राष्ट्रीय संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, पूर्व जिला सचिव विजय वर्मा,प्रशासनिक सदस्यों में प्राची सैनी,कु०मिष्ठी,शिवानी सिंह,मोनू खांन,बीजेपी के जिला महामंत्री श्यामेन्द्र त्यागी,भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सलाहकार सुधीर मूंछ,जिला प्रभारी राधेलाल त्यागी, युवा के तहसील अध्यक्ष मोनू त्यागी व विनय प्रकाश त्यागी मौजूद रहे।

## अपनी बहन बेटियों को सोशल मीडिया से दूर रखना होगा, मुफ्ती अमान सिद्दीकी मंजरी



वेलकम इंडिया

**झांसी:-** झांसी कपूर टेकरी कुरैश नगर मदीना मस्जिद मरकज अहले सुन्नत वल जमात के इमाम मुफ्ती अमान सिद्दीकी मंजरी साहब ने तालीम की रोशनी में अपने बयान जुम्मे की नमाज में देते हुए कहा मुसलमानों को शिक्षा और अपने अधिकारों पर ध्यान देना चाहिए जिससे समाज और देश की तरक्की होगी । सभी को शरीयत के मुताबिक फिजूल खर्चे को रोकते हुए आसान निकाह करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा समाज के लोग जागरूक होकर अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए अपने बच्चों को अच्छी तरबीयत तालीम दें जिससे समाज में फैली बुराइया दूर होंगी हम संगठित होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ सकते हैं। हर हाल में अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम बहुत जरूरी है

फिजूल खर्चे को रोकते हुए ऐसे इजतिमाई शादियां सम्मेलन करना चाहिए। दहेज मांगना और दहेज की मांग पर दहेज देना दोनों ही बहुत बड़ा जुल्म है हर हाल में नबी ए करीम सल्लल्लाहो वसल्लम के बताएं कुरान और हदीस के रास्ते पर चलें और फि जूल खर्ची पर रोक लगाई आसान निकाह ही हम सबको करना चाहिए और नबी की सुन्नत को अदा करें अपनी बहन बेटी को मोबाइल व्हाट्सएप इंस्टाग्राम सोशल मीडिया से दूर रखें शरीयत का पाबंद बनाएं हर हाल में नमाज टाइम से अदा करें नमाज किसी को भी माफ नहीं है इस दौरान मदीना मस्जिद मरकज अहले सुन्नत वल जमात कपूर टेकरी कुरैश नगर में तलवा तालीम हासिल कर रहे 31 बच्चों ने पढ़ाई में आला नंबर हासिल किया है उन्हें मेडल व गौस पाक के नाम की तस्वीर प्रशांति पत्र देकर सम्मानित किया।

# सहारनपुर से दिल्ली जा रही ट्रेन के हुए ब्रेक जाम,यात्री बेहाल

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम रेलवे स्टेशन पर सहारनपुर से दिल्ली जा रही यात्रियों से भारी पैसेंजर ट्रेन के ब्रेक जाम हो जाने के कारण ट्रेन खराब हो गई।ट्रेन खराब हो जाने से यात्री बेहाल हो गए और बड़ा हादसा होने से टल गया। ट्रेन को ठीक कराने के लिए दिल्ली से इंजीनियर बुलाए गए। और ट्रेन के ब्रेक जाम हो जाने के कारण इस रूट की आधा दर्जन ट्रेन रेलवे ने रद्द की। ट्रेन कई घंटे स्टेशन पर खड़ी रही। शुक्रवार को सहारनपुर से ट्रेन संख्या 640 26 यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। जैसे ही ट्रेन थाना क्षेत्र के एलम रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो अचानक से ट्रेन के ब्रेक जाम हो गए। ट्रेन के ब्रेक जाम हो जाने से अचानक से लगे झटके से यात्रियों में हड़कंप मच गया। रेलवे चालक के द्वारा घंटों प्रयास के बाद भी जब ट्रेन नहीं चल सकी तो दिल्ली से ट्रेन ठीक कराने के लिए इंजीनियर बुलाए गए।रेलवे ट्रैक पर ट्रेन खराब हो जाने के कारण अवगमन बाधित हो गया। और रेलवे के द्वारा इस रूट की आधा दर्जन ट्रेन रद्द करनी पड़ी।ट्रेन में सवार दूर दराज से बैठे यात्री अपने गंतव्य के लिए जाने के लिए बेहाल हो गए। कई घंटे इंतजार करने के बाद जब ट्रेन ठीक नहीं हुई तो यात्रियों ने अन्य वाहनों का सहारा लिया और अपने सफर के लिए रवाना हुए। ट्रेन में सवार यात्री रविंद्र के द्वारा बताया गया कि अचानक से ट्रेन के ब्रेक जाम हो जाने के कारण कई बार झटका लगने से यात्री सदमे में आ गए थे। गनीमत रहे की ट्रेन स्टेशन पर खराब हुई है अगर ट्रेन बीच रास्ते में कहीं चलती हुई खराब होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## घर में रखी लाखों की नगदी व जेवरात समेटकर प्रेमी संग किशोरी फरार

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव के युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए घर में रखी लाखों की नगदी व जेवरात समेट कर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी युवक सहित दो महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक एवं किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव का युवक अमन पुत्र कल्लू उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ रात्रि में भगा कर ले गया। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पुत्री घर में रखी डेढ़ लाख रुपए की नगदी एवं लाखों रुपए के जेवरात भी समेट कर आरोपी युवक के साथ चली गई। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाने में आरोपी युवक की बहन छोटन एवं उसकी मां जास्मीन का भी हाथ है। पीड़ित का कहना है कि काफी तलाश करने के बाद भी आरोपी युवक एवं उसकी पुत्री का कहीं सुराग नहीं लगा।

## अवैध हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक युवक का अवैध हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। युवक हाथों में हथियार लिए दिखाई पड़ रहा है लगातार युवाओं के अवैध हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना क्षेत्र में एक दर्जन से भी अधिक युवाओं के फोटो अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर प्रसारित हो चुके हैं। वीडियो और फोटो प्रसारित होने के बाद पुलिस लगातार पहचान करने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई के बाद भी युवा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं युवाओं के लगातार फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं।

# मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विबोधसागर जी महाराज के सानिध्य में निकली श्रीजी की रथयात्रा

वेलकम इंडिया



**झांसी:-** वीरभूमि झांसी महानगर के बड़ागांव गेट बाहर सूंजे खां खिड़की मार्ग स्थित चावला कॉलोनी के पास बनी अयोध्या नगरी में मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विबोधसागर जी महाराज के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजय भैया जी एवं सह प्रतिष्ठाचार्य नवीन भैया जी के निर्देशन में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मोक्ष कल्याणक के पश्चात विश्वशांति महायज्ञ में पूर्ण आहुतियां दी गईं। तत्पश्चात सूजे खां खिड़की मार्ग से प्रारंभ होकर बिसाती बाजार , मालिनो का तिराहा, बड़ा बाजार मुरली मनोहर मंदिर से बड़ागांव गेट रोड होकर श्रीजी की रथयात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची। भव्य शोभायात्रा में आयोजन के मुख्य पात्र घोड़ों एवं बग्गियों पर सवार होकर निकले। इस अवसर पर तीर्थंकर के माता पिता के रूप में श्रीमति सुलेखा - मनोज नायक, सौधर्म इंद्र श्रीमति उषा - रविन्द्र सिंघई, कुबेर इंद्र श्रीमति श्वेता - नितिन जैन, भरत चक्रवर्ती श्रीमति पूनम - संजीव जैन मिनी चिरगांव, महायज्ञनायक श्रीमति कल्पना - अरविन्द जैन कामरेड, बाहुबली श्रीमति कनिका - शशांक जैन, यज्ञनायक श्रीमति प्रिया - प्रतीक जैन, ईशान इन्द्र श्रीमति ममता - जितेन्द्र चौधरी, सानतकुमार इन्द्र श्रीमति रश्मि - गौतम जैन (सुपाड़ी), माहेन्द्र इन्द्र श्रीमति मेघा,- प्रदीप जैन महरौनी, राजा श्रेयांस श्रीमति सुलोचना - सनत नायक, राजा सोम श्रीमति प्रियंका - अमरेन्द्र ड्योढिया, विधिनायक प्रतिमा पुण्यार्जक श्रीमति रंजना - आलोक जैन, ध्वजारोहण पुण्यार्जक श्रीमति राखी-संजय जैन, मण्डप उद्घाटनकर्ता श्रीमति विमलादेवी - अजित जैन, महामंडलेश्वर श्रीमति अनीता - इंजी.अनिल जैन, श्रीमति नेहा - अलंकार जैन, श्रीमति अंजू - रवींद्र जैन रेल्वे, श्रीमति प्रभा - दिनेश जैन दीनू सहित अनेकों इन्द्र इंद्राणियों ने मोक्षकल्याणक को पूजन कर पूर्ण अर्घ्य समर्पित किए ।इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष संजय सिंघई, कार्याध्यक्ष खुशाल जैन, मुख्य संयोजक दिनेश जैन डीके, स्वागताध्यक्ष रविन्द्र जैन रेल्वे, परम संरक्षक ललित जैन, प्रदीप जैन विश्वपरिवार, इंजी हुकुमचंद जैन, आनन्द ड्योढिया, मुख्य सलाहकार रमेश चंद्र जैन अछरौनी, जिनेन्द्र सर्राफ, प्रदीप जैन चैनू, उपाध्यक्ष वरुण जैन, रविन्द्र जैन चिरगांव, आलोक जैन विश्वपरिवार, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र जैन , सह कोषाध्यक्ष कमलेश जैन, ऑडिटर प्रभात जैन, संयोजकगण मनोज सिंघई, शरद जैन, पवन जैन एडवोकेट, गौरव जैन नीम, सचिन सर्राफ , दीपांक जैन, विशाल सिंघई, मुकेश वीडियो, देवव्रत बब्लू, कमल भुचेरा, सौरभ जैन बैंक, दिव्यांश जैन, शुभम जैन छोटू, प्रमोद जैन वैरायटी, अतुल जैन सर, राजेश जैन लाला, प्रमोद जैन बब्बा, शुभम जैरी, राहुल टेंट, आकाश जैन सहित सैंकड़ों श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रहें।

# बैंक द्वारा उद्यमियों को एमएसएमई के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी दी

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** आई आई ए मोदीनगर से जुड़े उद्यमियों एवं संभावित उद्यमियों के मध्य बैंक द्वारा एम एस एम ई के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी देने के लिए पंजाब नेशनल बैंक गाजियाबाद क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पीएनबी एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन शुक्रवार को नगर के आर एन रिसॉर्ट में किया गया। जिसमें पंजाब नेशनल बैंक के जनरल मैनेजर,अजय सिंह, डिप्टी जनरल मैनेजर रविन्द्र खुराना आदि अनेक बड़े बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आई आई ए मोदीनगर के चेयरमैन राज ढींगरा तथा आई आई ए के सी ई सी मेंबर डॉ मुकेश गर्ग तथा गाजियाबाद के उद्यमी शरद गुप्ता ने की। इस



अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों ने मोदीनगर के उद्यमियों का स्वागत करते हुए उन्हें बैंक द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं से अवगत कराया तथा आसान ऋण शर्तों के कारण पंजाब नेशनल बैंक से जुड़ने का आह्वान किया। डा पवन सिंहल सहित अनेक उद्यमियों ने भी बैंक से आ रही अनेक कठिनाइयों को बैंक अधिकारियों के समक्ष उठाया।जिसके प्रत्युत्तर में जनरल मैनेजर अजय सिंह ने सभी कठिनाइयों का प्राथमिकता से निस्तारण किए जाने का आश्वासन उद्यमियों को दिया। इस कार्यक्रम में बृज मोहन कपूर, राकेश कंसल, पंकज जैन, अंकित भटनागर, हिमांशु अग्रवाल, संजीव माहेश्वरी, मनोज माहेश्वरी, शशि भूषण, संदीप गुप्ता, योगेन्द्र अग्रवाल, विपिन चौधरी, अजय सिंह, अशोक मिश्रा, विशाल गोयल, राजेश मित्तल, विनोद अग्रवाल, अजय गुप्ता, प्रमोद गर्ग, परवीन गुप्ता, भूपेंद्र गोयल, प्रशांत ढींगरा एवं मंजीत कश्यप सहित सैकड़ों उद्यमी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों का संयुक्त एक दिवसीय शिविर संपन्न

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मुल्तानी मल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा संयुक्त एकदिवसीय शिविर का आयोजन जगतपुरी के प्राथमिक विद्यालय में किया गया।इस शिविर का नेतृत्व वरिष्ठ स्वयंसेवक अंकित त्यागी, मुकुल शर्मा, अंजली और वंशिका ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को फ्रूटी, समोसे और केले वितरित किए गए, जिससे उनमें खुशी और उत्साह का माहौल बना। साथ ही, स्वच्छता और सुरक्षा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने बच्चों को साफ-सफाई और व्यक्तिगत सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।शिविर में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमर सिंह कश्यप, कार्यक्रम अधिकारी श्री राज कुमार, डॉ. कुमकुम गौतम और डॉ. शिवांगी त्रिवेदी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों के नेतृत्व में चल रहे इस




कार्यक्रम का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। प्राचार्य डॉ. दीपक अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता की कामना करते हुए कहा कि ₹स्वयंसेवकों द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गों तक सेवा और जागरूकता पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है।₹कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमर सिंह कश्यप ने कहा कि ₹राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित ऐसे शिविर न केवल समाज के लिए उपयोगी हैं, बल्कि छात्रों में सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं।₹इस सफल आयोजन से जगतपुरी मलिन बस्ती में स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी और बच्चों में एक सकारात्मक संदेश पहुंचा।

## काव्य गरिमा सृजन सम्मान से नवाजे जाएंगे डॉ एससी अग्रवाल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** काव्य गरिमा हिंदी साहित्य मंच दिल्ली की ओर से जनपद से मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल को ₹काव्य गरिमा सृजन सम्मान ₹से नवाजा जाएगा। गांधी शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली में 16 फरवरी को काव्य गरिमा हिंदी साहित्य मंच के प्रथम वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ अग्रवाल को सम्मानित किया जाएगा। इस सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समारोह में डॉक्टर अग्रवाल काव्य पाठ भी करेंगे। इस समारोह में हिंदी साहित्य मंच ने देश-विदेश से



शिक्षा ,साहित्य ,कला, नृत्य संगीत, रक्तदान ,पत्रकारिता ज्योतिष ,समाज सेवा, पर्यावरण कृषि, खेलकूद मीडिया, मानवाधिकार, महिला एवं बाल अधिकार, शैक्षिक साहित्यिक एवं सामाजिक सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लगभग 100 मनीषियों को सम्मानित किया जाएगा।

## रामपाल चौधरी को रालोद पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** रालोद की ओर से मोदीनगर निवासी रामपाल चौधरी को पार्टी का गाजियाबाद का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह की ओर से यह नियुक्ति की गई है। जिला अध्यक्ष की घोषणा होते ही सतीश पार्क स्थित रामपाल चौधरी के आवास पर उन्हें बधाई देने वालों का ताता लग गया। रामपाल चौधरी ने बताया कि उन्हें जिस निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ यह पद सोपा गया है वह पूरा प्रयास करेंगे की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। बधाई



देने वालों में रालोद के वरिष्ठ नेता अमरजीत सिंह, रणबीर दहिया, योगेंद्र सिंह पतला, राम भरोसे लाल मौर्य, अजय प्रमुख, रेखा चौधरी, अमित त्यागी सरना, तेजपाल सिंह, सत्येंद्र तोमर, जयदीप सिंह, प्रदीप जैन , इंद्रजीत सिंह टीटू, सागर ग्रोवर और शाहिद प्रधान सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## गंदे पानी की सप्लाई के विरोध में प्रताप विहार के लोगों ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** गंदे पानी की सप्लाई के विरोध में शुक्रवार को प्रताप विहार के लोगों ने प्रदर्शन किया। जन अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं राजेश शर्मा ने बताया प्रताप विहार के वार्ड 51 में पिछले एक महीने से रेत का पानी आ रहा था। जिसकी शिकायत लगातार नगर निगम में की जा रही थी। परंतु अब हद हो गई, जब सुबह सीवर का पानी आना शुरू हो गया। बच्चों को उल्टियां लग गई, बाथरूम में महिलाओं से खड़ा होना भारी हो गया। जेइ शीशमणि यादव को सूचना दी गई परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहां के लोगों का कहना है कि निगम अधिकारी, पार्षद, मेयर इस पानी को पीकर दिखाएं। यदि उन्होंने ऐसा कर दिखाया तो जनता करेगी उनको सम्मानित करेगी। प्रदर्शन करने वालों में हरीश शर्मा, बलबीर चौहान, प्रवीण शर्मा, हनी कुमार, सरिता, कविता, ज्योति, गीता, डबली, रजनी आदि शामिल रहे।

## धर्मपाल गर्ग ने परिवार सहित किया अयोध्या में रामलला के दर्शन

**गाजियाबाद/अयोध्या।** प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में शुक्रवार को धर्मपाल गर्ग ने अपने परिवार के साथ श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। पुरे परिवार ने दर्शन पूजन करने के बाद बताया कि धर्म और धैर्य निष्ठा तथा नियम पुरुषार्थ और पराक्रम की भूमि अयोध्या पर आने का सौभाग्य मिला है। प्रभु के चरणों में संतों के सानिध्य में सनातन की विजय पताका लहराते देखना जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। आज संतों का सानिध्य पाकर उनका आशीर्वाद पाकर मनोबल ही सिर्फ नहीं बढ़ता है बल्कि पुण्य पथ पर चलने के लिए प्रेरणा मिली। रामलला का दर्शन पूजन के लिए धर्मपाल गर्ग धर्म पत्नी गिन्नी गर्ग, अनुज धर्म गर्ग, प्रेरणा गर्ग, विजय सिंघानिया, पल्लवी सिंघानिया, पार्थ सिंघानिया, भावना गोयल, चिराग गोयल, आरिव गर्ग एवं पिंटू सुथार व गोतम आदि ने रामलला के दर्शन के बाद प्रयागराज महाकुंभ में संगम में डुबकी लगाई। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 में जहां श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में दान कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में शुक्रवार को 'ऐम्पेथी ड्राइव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत जरूरतमंदों की सहायता के लिए एक विशेष दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग को आवश्यक संसाधन प्रदान कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना था। इस अवसर पर लक्ष्य फाउंडेशन की संस्थापिका नीलू रॉय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी, ट्रस्टी अनिशा गांधी और प्रधानाचार्य एन. सिंह ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों को कपड़े, कंबल और आवश्यक वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन डॉ.



विक्रम गांधी ने अपने संबोधन में कहा,समाज की सच्ची प्रगति तब होती है जब हम जरूरतमंदों के दुख-दर्द को समझकर उनकी सहायता के लिए आगे बढ़ते हैं। विद्यालय की ट्रस्टी अनिशा गांधी ने कहा, दान केवल जरूरतमंदों की सहायता नहीं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और करुणा की भावना को मजबूत करने का एक प्रयास है। प्रधानाचार्य एन. सिंह ने कहा,हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। यदि हम किसी की छोटी-सी मदद भी कर सकते हैं, तो यह हमारे मानवीय कर्तव्यों में से एक है। मुख्य अतिथि नीलू रॉय ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा, जरूरतमंदों की सहायता करना न केवल उनका हक है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। यह प्रयास समाज को और अधिक संवेदनशील व सशक्त बनाएगा ।विद्यालय प्रशासन ने इस कार्यक्रम को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने संकल्प लिया कि उनके द्वारा आगे भी इस प्रकार के दान और सहायता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि जरूरतमंदों को सहायता मिलती रहे और समाज में सहयोग की भावना बनी रहे।

## जनरल वीके सिंह जी को मिजोरम के राज्यपाल बनने पर बधाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** राम किशोर अग्रवाल (पूर्व राज्य मंत्री) एवं अमित अग्रवाल (मंडल उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती ) ने जनरल वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त होने पर उनके पहली बार गाजियाबाद आगमन होने पर उनका स्वागत कर व्यक्तिगत रूप से बधाई दी एवं राम किशोर अग्रवाल और अमित अग्रवाल द्वारा अपने जिले गाजियाबाद की उद्योग संबंधी कुछ समस्याएं उनसे साझा कर उनके निस्तारण हेतु कुछ निर्देश जारी करने हेतु आग्रह किया और कामना की कि मिजोरम उनके नेतृत्व में विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयां छूए।

# सत्संग से बदल जाता है पूरा जीवन: आनंदाचार्य



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** मिल्कीपुर बिना सत्संग मनुष्य विवेकवान नहीं हो सकता, सत्संग में आकर जो मनुष्य मन से श्रवण करता है उसका जीवन आनंद में हो जाता है, सत्संग में आने से धीरे-धीरे पूरा जीवन बदल जाता है यह बातें पंडित आनंदाचार्य ने श्रीमद्भागवत कथा में कहीं।

कथा व्यास ने मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के मानूडीह गांव में कथा का रसपान कराते हुए कहा की भागवत के चार अक्षर हैं इसका तात्पर्य यह है कि भ से भक्ति ग से ज्ञान व से वैराग्य और त त्याग ये चारों जो हमारे जीवन में प्रदान करें उसे हम भागवत कहते हैं। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष, वामन भगवान, राजा बलि, श्री कृष्ण जन्म की लीला की कथा सुनाई। कथा के दौरान रविंद्र सिंह, कमलेश सिंह, अमरजीत सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जिपं सदस्य ने रामपुर गौहनिया में अग्नि पीड़ितों को दी सहायता



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** वरिष्ठ समाजसेवी राजन पांडेय के पुत्र एवं जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय ने शुक्रवार को रामपुर गौहनियां गांव के अग्नि पीड़ित परिवारों को सहायता दी।

क्षेत्र के रामपुर गौहनियां गांव में बुधवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग जाने से चार परिवारों की गृहस्ती जलकर राख हो गई थी। सूचना पर समाजसेवी के पुत्र जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय ने अग्निकांड के पीड़ितों के घर पहुंच कर कंबल, बिस्तर व नगद आर्थिक सहायता6 प्रदान की। उन्होंने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि वह उनकी मदद के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। इस मौके पर अनिल सिंह, अमित रावत, हरिप्रसाद यादव,सुनील तिवारी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# वृक्ष रेखा का खिसकना हिमालय में जलवायु परिवर्तन का कारण: प्रो. नौटियाल

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे 48वें कुलपति सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों व मुख्य वक्ताओं ने एग्री टूरिज्म को विकसित करने व देशव्यापी स्तर पर कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन के समापन के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नवसारी कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के कुलपति डा. जेड. पी. पटेल ने की। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतवर्ष में एग्री टूरिज्म को विकसित करने के लिए पॉलिसी बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने हाइलेवल कमेटी के गठन का सुझाव दिया जो एग्री टूरिज्म के लिए पॉलिसी गाइड लाइन का ड्राफ्ट तैयार कर सकें। इस मौके पर मुख्य वक्ता जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल ने ह्हिमालय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और निचले महासागरों पर इसके प्रभावह्न विषय पर विस्तार से जानकारी दी। बताया कि हिमालय में जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण वृक्ष रेखा का ऊपर की ओर खिसकना है। यह वृक्ष रेखा प्रति दशक 10 से 50 मीटर तक ऊपर की ओर खिसक रही है। बताया कि शताब्दी के अंत तक वृक्ष रेखा कम से कम 150 मीटर ऊपर की ओर बढ़ने का अनुमान है। हिमालय में जलवायु परिवर्तन के कारण नदी के प्रवाह और तलछट भार में वृद्धि हुई इससे तटीय क्षेत्रों में जल की गंदगी और पोषक तत्वों की गतिशीलता में परिवर्तन होता है।

प्रो. नौटियाल ने बताया कि हिमालय में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण लवणता और पोषक तत्वों के स्तर में परिवर्तन होता है। इसके बचाव के लिए हमें एकीकृतक जलसंभर प्रबंधन के साथ-साथ ग्लेशियरों की रक्षा और वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करना होगा।



# 17 फरवरी से 27 फरवरी तक आवेदन 6 मार्च को पहला ई-लॉटरी चरण

## नए नियमों के तहत पारदर्शी प्रक्रिया, 24 घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय, हेल्पलाइन नंबर जारी

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिले में आबकारी विभाग की नई नीति के तहत शराब की दुकानों के लाइसेंस आवंटन के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया को गति दे दी गई है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में इस बार विभाग ने पारदर्शिता और अधिकतम राजस्व संग्रह के लिए नए प्रावधान लागू किए हैं। आबकारी विभाग ने इस बार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य कर दिया है, जिससे केवल पंजीकृत आवेदक ही शराब की दुकान के लिए आवेदन कर सकेंगे। विभाग का लक्ष्य अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करना है, जिससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और दुकानों की ई लॉटरी होने से राजस्व में वृद्धि होगी। गाजियाबाद में यह पहल न केवल नियमित राजस्व संग्रह को बढ़ावा देगी बल्कि अवैध शराब पर लगाम लगाने में भी मददगार साबित होगी। शहर में पहली बार 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां तीन शिफ्टों में अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम से शराब की दुकानों के आवेदन, रजिस्ट्रेशन, लाइसेंसिंग और अवैध शराब की शिकायतों से जुड़ी सभी जानकारियां दी जाएंगी। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 7065011003 जारी किया गया है। राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त अभियान चलाया जाएगा। कोई भी व्यक्ति अपने क्षेत्र में अवैध शराब की सूचना गुप्त रूप से विभाग को दे सकता है, जिस पर तत्काल कार्रवाई होगी। ई-लॉटरी की प्रक्रिया के तहत 17 फरवरी से 27 फरवरी तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, जिसके बाद 6 मार्च को सुबह 11 बजे ई-लॉटरी का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आबकारी निरीक्षक राकेश कुमार त्रिपाठी और आलोक कुमार सिंह को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने सभी आबकारी निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक आवेदकों को प्रक्रिया में शामिल किया जाए, जिससे सरकार का राजस्व बढ़े और विभाग की कार्यप्रणाली को मजबूत किया जा सके। विभाग की यह नई नीति जिले में शराब व्यवसाय को पारदर्शी और नियंत्रित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता पारदर्शिता और अधिकतम राजस्व संग्रह है। ई-लॉटरी से लाइसेंसिंग प्रक्रिया निष्पक्ष होगी, जिससे गाजियाबाद में शराब व्यापार को संगठित और नियंत्रित किया जा सकेगा। साथ ही, अवैध शराब पर पूरी तरह से शिकंजा कसने के लिए विभाग सतर्क रहेगा। हमारी पूरी टीम ने पारदर्शिता और सुचारु व्यवस्था के लिए दिन-रात काम किया है। हमारी प्राथमिकता ई-लॉटरी को बिना किसी बाधा के पूरा करना और अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसना है।

# पुलिस मुठभेड़ में पांच गिरफ्तार, चार को किया लंगड़ा

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम व मुरादनगर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। बीती रात कारोबारी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष के पिता व नौकर से हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। इसमें चार डकैतों को गोली लगी। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने डकैतों के पास से लूटे गए रुपयों में से 690 रुपये, 2 रोकड़ बही, 3 तमंचे व वारदात में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की।

एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस ने 5 बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उनके नाम शारूख व अभिषेक जाटव निवासी टीला शहबाजुपर लोनी बॉर्डर, नदीम निवासी टोली मौहल्ला लोनी, शिवांश निवासी हर्ष विहार दिल्ली और हरीश उर्फ विशाल निवासी कृष्णा विहार लोनी बॉर्डर है। श्री गौतम ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान इस गैंग का एक सदस्य दुष्यंत निवासी 103 टीला मोड़ शहबाजपुर है। इस डकैती का प्लॉनर मुरादनगर में मैकेनिक का काम करने वाला नदीम है। उसने कुछ दिन पूर्व किराने के थोक व्यापारी को अपनी दुकान पर मोटा कैश गिनते हुए देखा था। उसे यह पता चला था कि कारोबारी व उनका नौकर रात के समय मोटा कैश लेकर जाते हैं। लेकिन नदीम को यह पता नहीं था कि कारोबारी मोटा कैश दिन के समय ही बैंक अथवा अपने घर पहुंचा देते हैं। नदीम ने लूट की प्लॉन बनाकर अपनी योजना में टीला मोड़ निवासी दुष्यंत को शामिल कर लिया। उसके बाद दुष्यंत ने अपने चार साथी लुटेरों को लूट के लिये मुरादनगर बुला लिया। बीती रात लगभग साढ़े आठ बजे मुरादनगर थाना क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज वारदात के दौरान बेखौफ बदमाशों ने पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मोहित गर्ग के पिता व नौकर को गन प्वाइंट पर लेकर न केवल कैश से भरा बैग लूट लिया। लुटेरों ने हरदोई निवासी बबलू के पैर में भी गोली मार दी। यह वारदात उस समय घटी कि जब मोहित गर्ग के पिता व नौकर कैश से भरा बैग लेकर दुकान से घर जा रहे थे। वो दोनों जैसे ही नानकचंद वाली गली में स्थित अपने घर के पास पहुंचे तो वहां पर घात लगाये लुटेरों ने उन्हें लूट लिया। बदमाशों के भागने के बाद घायल बबलू को निकट के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस वारदात की सूचना मिलते ही एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम व एसओ मुरादनगर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर चेकिंग करने लगे।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का 17 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में 17 फरवरी को कवि नगर रामलीला ग्राउंड ऑडिटोरियम में मेरठ मंडल व महानगर गाजियाबाद संगठन का शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए शुक्रवार को कोर कमेटी की एक मीटिंग की गई।

यहां मुख्य रूप से संजीव गुप्ता, देवेंद्र हितकारी, अनिल सांवरिया, अजय कालरा, सुभाष छाबड़ा, मनवीर नागर, गौरव गर्ग, अशोक अरोड़ा, गुलशन भामरी, रजनीश बंसल, सुरेश महाजन, संजीव लाहोरिया, वरुण कुमार, राजू छाबड़ा उपस्थित रहे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर मीडिया प्रभारी सौरभ जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 फरवरी को कविनगर रामलीला ग्रांउड के ऑडिटोरियम में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## टप्पेबाजी कर नगदी-जेवर ठगने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**गाजियाबाद।** नंदग्राम पुलिस ने महिला से टप्पेबाजी कर नगदी-जेवर ठगने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 52 सौ रुपये तथा वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस का कहना है महिला से ठगे गए जेवर आरोपियों ने राह चलते किसी व्यक्ति को बेच दिए थे और रकम आपस में बराबर-बराबर बांट ली थी। पुलिस का कहना है कि एक आरोपी विजयनगर में भी टप्पेबाजी की एक अन्य घटना में शामिल रहा था। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया कि नंदग्राम में शनि मंदिर के पास रहने वाली चंदा देवी ने बीती नौ फरवरी को नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया था। उनका कहना है कि वह हिमालय तनिष्क सोसाइटी से काम करके घर के लिए निकली थीं। एसीपी का कहना है कि महिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया गया था। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों तथा लोकल इनपुट की मदद से आरोपियों को ट्रेस कर लिया गया।

## जीडीए ने न्यायालय से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्यवाही अपनाने के लिए व्यवस्था को किया दुरुस्त

**वेलकम इंडिया**



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महोदय के निदेर्शानुसार प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन वादों की पत्रावलियों को आई.ए.एस.पी. सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस दिशा में विधि अनुभाग द्वारा अब तक माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन लगभग 1300 से अधिक पत्रावलियों को सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराया जा चुका है। कार्यों को और अधिक प्रभावी व सुचारु रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा विधि अनुभाग में विशेष रूप से कंप्यूटर सिस्टम, स्कैनर और प्रशिक्षित ऑपरेटर की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त विधि अनुभाग की समीक्षा बैठक के दौरान समस्त अनुभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन वादों की पैरवी के लिए विशेष रूप से सक्रिय रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुभागीय अधिकारी नियत तिथि से पूर्व संबंधित पत्रावलियों का गहन अध्ययन कर अधिवक्ताओं से विचार-विमर्श अवश्य करें, ताकि न्यायालयीन मामलों में प्राधिकरण की सुदृढ़ पैरवी सुनिश्चित की जा सके। जीडीए इस दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है, जिससे न्यायालयीन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित हो सके।

## अवैध निर्माण पर चला जीडीए का बुलडोजर



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निमार्णों और अनधिकृत प्लॉटिंग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए प्रवर्तन जोन-4 के तहत बड़े स्तर पर ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई की है। शुक्रवार को प्रताप विहार, सेक्टर-11 भवन संख्या डी-283ए (अनुराग सिसोदिया) और सी-29एस (अशोक पाल) का अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया। प्रताप विहार, सेक्टर-12 भवन संख्या एम-118 (ताराचंद सारस्वत) को सील किया गया। मार्केट क्षेत्र, सेक्टर-11: शौचालय के लिए नियोजित भूमि पर अवैध रूप से खोले गए शटर को सील किया गया, तथा प्राधिकरण की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। सिद्धार्थ विहार और हिंडन नदी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों, प्लॉटिंग, बाउंड्री, अस्थायी भवनों और ऑफिसों को ध्वस्त किया गया। जनता के लिए चेतावनी जागरुक किया जा रहा है कि बिना मानचित्र स्वीकृति वाली अवैध कॉलोनियों में भूखंड/प्लॉट खरीदने से बचें। ऐसी जगहों पर निर्माण वैध नहीं माना जाएगा और ध्वस्तीकरण या सीलिंग की कार्रवाई हो सकती है।

## नोएडा सांसद व विधायक ने करीब साढ़े 9 करोड़ की लागत से तैयार फुट ओवरब्रिज का किया शुभारंभ



**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सड़क पार करने की सुविधा अब और भी आसान हो गई है। सांसद महेश शर्मा ने दो नए फुटओवर ब्रिज का उद्घाटन किया, जो कि 9 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत से तैयार हुए हैं। इन ब्रिजों को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, ताकि स्थानीय लोग आसानी से सड़क पार कर सकें।

इन फुटओवर ब्रिजों की खासियत यह है कि इनमें लिफ्ट की सुविधा भी दी गई है, ताकि जो लोग सीढ़ियों से चढ़ने में असमर्थ हैं, वे लिफ्ट का उपयोग कर सकें। यह कदम वृद्ध, बच्चों और विकलांग व्यक्तियों के लिए बेहद सहायक साबित होगा। इको विलेज वन सोसायटी और यथार्थ हॉस्पिटल के पास बने ये ब्रिज क्षेत्रवासियों को खासतौर पर राहत देंगे। इस उद्घाटन समारोह में दादरी विधायक तेजपाल नागर और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। बीजेपी कार्यकताओं ने सांसद महेश शर्मा का जोरदार स्वागत किया और उनके नेतृत्व की सराहना की। इस अवसर पर सांसद महेश शर्मा ने दिल्ली चुनाव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर दिल्लीवासियों का भरोसा बना हुआ है और आगामी चुनाव में इसका परिणाम भी देखने को मिलेगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सुपरटेक इकोविलेज 1 के पास बने इन फुटओवर ब्रिजों से यहां के निवासियों को सड़क पार करने में अब और भी आसानी होगी, जो कि पहले ट्रैफिक और सड़क पार करने की समस्या का सामना कर रहे थे।

अब यह नए ब्रिज क्षेत्रवासियों की जीवनशैली में एक नया बदलाव लाएंगे और यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाएंगे।

### उद्घाटन समारोह की मुख्य बातें

1. फुटओवर ब्रिज का उद्घाटन सांसद महेश शर्मा और विधायक तेजपाल नागर ने किया।
2. इन ब्रिजों की कुल लागत 9 करोड़ 42 लाख रुपए है।
3. ब्रिजों में लिफ्ट की सुविधा, ताकि विकलांग और वृद्ध लोग भी आसानी से इनका उपयोग कर सकें।
4. इको विलेज वन सोसायटी और यथार्थ हॉस्पिटल के पास बने ब्रिजों से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।
5. सांसद महेश शर्मा ने दिल्ली चुनाव पर मोदी सरकार के प्रति लोगों के भरोसे की बात की।
6. बीजेपी कार्यकताओं ने सांसद महेश शर्मा का जोरदार स्वागत किया।

## तथाकथित हिंदूवादी संगठन ने पार्कों में मचाया हुड़दंग

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** हर साल की तरह इस साल भी कुछ तथाकथित हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता बनकर कुछ हुड़दंगियों ने वेलेंटाइन डे पर पार्कों में बैठे युगलों के साथ वो सब किया जो कानून अपराध है। हाथों में लाठी और गले में गमछा डाले इन लोगों की फोटो वायरल होने पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर रही है। कुछ लोग ट्रांस हिंडन जोन के स्वर्ण जयंती पार्क में पहुंचकर वहां बैठे युवा जोड़ों को धमकाने लगे। हाथों में लाठियां और गले में गमछे डाले ये लोग खुद को हिंदूवासी संगठन का कार्यकर्ता और नेता बताकर जोड़ों को धमका रहे थे। बाकायदा अपनी इस करतूत का वीडियो बनाकर उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। मामला पुलिस के संज्ञान में आया तो अफसरों ने प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

## प्राथमिक विद्यालयों में एससी आदेश की अनदेखी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जिले में चल रहे प्राथमिक विद्यालयों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए आदेश दिया कि प्राथमिक विद्यालय एकल बिल्डिंग में ही संचालित होने चाहिए और उनका निर्माण नियमों के अनुरूप होना चाहिए।

न्यायमूर्ति बी आर गवाई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीही की पीठ ने केंद्रीय शिक्षा माध्यमिक बोर्ड की याचिका के सुनवाई के दौरान आदेश दिया। अपने 2009 के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्देश दिया था। इसके मुताबिक नर्सरी और प्राथमिक विद्यालयों को एक मंजिला इमारत वाले भवन में संचालित किया जाए। साथ ही भवन में भूतल समेत तीन से ज्यादा मंजिल नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा कोर्ट ने स्कूल की सीढि ?ों लेकर भी निर्देश जारी किए थे। गाजियाबाद में वर्ष 1988 से संचालित एसबीएन ग्रुप ऑ$फ इंस्टिट्यूशन की चेयरपर्सन डॉ पुष्पा रावत से जब सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लेकर बातचीत करी गई तो उन्होंने बताया कि जिले में अभी भी बहुत से ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जो या तो नियमों के उलट बने हुए हैं या किसी भी इमारत में संचालित किया जा रहे हैं। डॉ0 पुष्पा रावत ने बताया कि प्राथमिक कक्षा के बच्चे जो लगभग 3 से लेकर 5 वर्ष की आयु के होते हैं वह बहुत ही छोटे होते हैं पहले या दूसरी मंजिल की इमारतें बच्चों के लिए खतरा उत्पन्न कर सकती हैं, छोटे बच्चे स्वभाव से चंचल होते हैं सीढि ?ों पर चढ ?ा उतरना उनके लिए कभी-कभी जानलेवा भी हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय का फैसला उन अभिभावकों के लिए एक वरदान है जो अपने बच्चों को स्कूल भेजने के बाद कभी-कभी चिंतित हो जाते हैं। उन्होंने बताया की गाजियाबाद में चल रहे प्राथमिक विद्यालय की मैनेजमेंट को सर्वप्रथम बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। आपको बता दे कि शहर में गली-गली कॉलोनी प्राथमिक विद्यालयों की भरमार्सी हो गई है।

## बंद पड़े घरों से आभूषण चुराने वाले चार शातिर चोरों को थाना बिशरख की चिपयाना पुलिस ने 27 लाख के सामान के साथ किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** गौतमबुद्धनगर के थाना बिसरख पुलिस की चिपयाना पुलिस चौकी प्रभारी मनेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने बंद पड़े घरो में चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुये 04 शातिर चोरों के कब्जे से अनुमानित 27 लाख रुपए के आभूषण तथा 19 हजार रुपए नकद बरामद करते हुए ताला तोड़ने के उपकरण भी इनसे बरामद किए।



बिशरख थाने की चिपयाना पुलिस की करीब तीन महीने के अंदर यह दूसरी बड़ी कामयाबी है। जो आगे भी निरंतर जारी रहेगी। – **मनेंद्र प्रताप सिंह पुलिस चौकी प्रभारी, चिपयाना**

बदमाशों को चिपयाना के लोको शेड के पास से गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पकड़े गए गैंग में थाना वेव सिटी गाजियाबाद का अकबर, मोमिन और अमन है तथा चौथा चोर थाना दादरी का सलमान है। इन सभी की उम्र 21 से 23 है जो बड़े ही शातिर किस्म के है शातिर चोरों में सलमान का काम जैकिट और सलमान और अमन का कबाड़े की फैरी करना है अकबर पेंट पुताई करता है जो कि बंद पड़े घरों की रेकी कर कीमती माल उड़ाने (चोरी) का काम करते है। इनके द्वारा बीते वर्ष 2024 की 29 जनवरी को खाटू श्याम कालोनी चिपियाना बुजुर्ग थाना बिसरख क्षेत्र में तीन बन्द पडे मकानों का ताला तोडकर घरो से नकदी, सोने व चाँदी के आभूषण को चोरी, बीते वर्ष 2024 की 23, नवंबर को ब्रजवासीपुरम कालोनी थाना बिसरख क्षेत्र से घर के अन्दर से ज्वेलरी चोरी, 5 नवंबर को शिवम एन्कलेव पुराना हैबतपुर में बन्द पडे में मकान से सोने चाँदी के आभूषण व नकदी चोरी, बीते 08 जनवरी को अभियुक्तगण के द्वारा पीड़ित व्यक्ति के माता जी से हाथ के कंगन व कुण्डल को लेकर उनको पैसे से भरा बेग देने के नाम पर उनसे कुण्डल व कंगन ठगना तथा बीते 01 जनवरी एवेन्यू के एक फ्लैट के अन्दर से सोने के आभूषण के तमाम घटनाओं को स्वीकार किया। डीसीपी अवस्थी जी ने बताया इतनी बड़ी घटनाओं का सफल अनावरण बिशरख पुलिस टीम द्वारा किया गया निसंदेह ही अप्रिय घटनाओं में इस कार्यवाही से कमी आएगी। डीसीपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए की भी पुरस्कार की घोषणा की।






HET
PM- Surya Ghar :
Muft Bijli Yojna
कर लो अपने
बिजली के बिल से
दोस्ती
प्रति माह
1700/-*
कम करें
SOLAR ON-GRID ROOFTOP SOLUTIONS
Electricity
Bill
* Terms & Condition Apply. 2KW.
Also Available
Solar Power Plant | Solar Inverter
Solar AC | Solar Geyser
Solar Pump | Solar Lights
Harshita Electro & Telecom Pvt. Ltd.
SOLAR ON-GRID ROOFTOP SOLUTIONS | OFF GRID SOLAR SYSTEM
HYBRID SOLAR SYSTEM
Office : GF-135, Durga Tower, RDC, Raj Nagar, Ghaziabad.
Phone : 9891116568, 9899562233, 9891116569